दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस
RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 10 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 101 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

बंगाल में चुनाव और हिंसा का तांडव एक दूसरे के पर्याय भी बन गए है। पंचायत चुनाव के दौरान ही खूनी खेला हुआ। जगह-जगह गोलियां चली, बम फूटे और मतदान केन्द्र लूटे। डेढ़ दर्जन लोंगो की हत्या हो गई। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान भी बंगाल का चुनाव रक्तरंजित रहा था। पंचायत चुनाव में भी इसकी आशंका थी जो सही साबित हुई। बंगाल सरकार आंख मूंद कर बैठी रही बंगाल पुलिस मूक दर्शक बनकर तमाशा देखती रही। कुल मिलकर बंगाल में जमकर बवाल कटा और पिछले कई चुनावों की तरह इस बार भी जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ हुई।

लोकसभा चुनाव 2024 : बीजेपी की बड़ी चुनावी रणनीति

■ 18 को होने वाली एनडीए की बैठक में देखने को मिलेगा ट्रेलर

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक के पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बीजेपी के पैन इंडिया प्रोजेक्ट की पहली झलक 18 जुलाई को होने वाली एनडीए की बैठक में दिखाई देगी। इस बैठक में शिवसेना के शिंदे ग्रुप के साथ ही एनसीपी का अजित पवार धड़ा शामिल हो सकता है. इसके साथ ही लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के प्रमुख चिराग पासवान की एक बार फिर एनडीए में वापसी के भी संकेत मिल रहे हैं। रविवार को ही केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता नित्यानंद राय ने पटना में चिराग पासवान से मुलाकात की। रविवार को एलजेपी (रामविलास) के नेताओं की बैठक हुई जिसमें गठबंधन पर फैसला लेने के लिए चिराग पासवान को अधिकृत कर दिया गया। एलजेपी रामविलास के

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा, चिराग जो भी फैसला लेंगे, पार्टी को स्वीकार होगा। चिराग पासवान के केंद्रीय मंत्री बनाए जाने की अटकलों पर उन्होंने कुछ कहने से इनकार किया। चिराग पासवान ने बताया कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव और राज्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रफुल्ल पटेल बैठक में होंगे शामिल

एनडीए की बैठक में एनसीपी के अजित पवार धड़े की तरफ से प्रफुल्ल पटेल शामिल हो सकते हैं। बगावत से कुछ दिन पहले ही शरद पवार ने उन्हें सुप्रिया सुले के साथ एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, बीजेपी नेतृत्व ने कर्नाटक में जनता दल (एस), उत्तर प्रदेश में ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और बिहार में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश साहनी को गठबंधन में लाने लाने का फैसला किया है। बिहार में प्रभावशाली दलित नेता जीतनराम मांझी पहले ही एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इसके बाद मुकेश सहनी के साथ सकारात्मक बातचीत और अब चिराग की वापसी के साथ बिहार में बीजेपी सवर्ण जातियों और गैर यादव व गैर कुर्मी ओबीसी जातियों का एक गठबंधन तैयार करती दिखाई दे रही है। इसके साथ ही पार्टी ने कर्नाटक में प्रमुख वोक्कालिगा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली जेडीएस के साथ जाने का संकेत दिया है जो दिखाता है कि पार्टी खुलेपन के साथ आगे बढ़ रही है। इसके अलावा पार्टी की अपने दो पूर्व सहयोगियों तेलुगु देशम पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के साथ चर्चा भी चल रही है। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने पिछले महीने ही जेपी नड्डा और अमित शाह से मुलाकात की थी।

डिप्टी सीएम के आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म

■ सिंहदेव के समक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्ति का किया ऐलान

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव से मुलाकात के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्ति का ऐलान कर दिया है। डिप्टी सीएम सिंहदेव से स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर अपनी मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और शासन के समक्ष उनकी बातों को रखने का आश्वासन दिया।

छत्तीसगढ़ में बीते छह दिनों से चल रही स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई। डिप्टी सीएम सिंहदेव ने राज्य के लोगों के हित में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से काम पर लौटने का आग्रह किया था। उनकी पहल पर आज संघ के पदाधिकारियों ने चर्चा के बाद हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का ऐलान किया है। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव से मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मिलने की मंशा जाहिर की। राजधानी समेत प्रदेशभर के 60 हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले छह दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि वेतन विसंगति, नियमितीकरण समेत 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन चल रहा था। डिप्टी सीएम सिंहदेव से चर्चा के दौरान मिले आश्वासन के बाद संगठन ने हड़ताल को खत्म करने की घोषणा की है। हड़ताल पर गए स्वास्थ्य कर्मी आज से ही ड्यूटी पर लौट जाएंगे।

ईडी की चार्जशीट के बाद राज्य आबकारी विभाग का एक्शन

■ राज्य आबकारी विभाग की कार्रवाई, दो दर्जन अफसरों को नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। सूबे के तीन बड़े शराब निर्माताओं पर आबकारी विभाग को टारगेट में लिया है। आबकारी महकमा उन पर नकली होलोग्राम बनाकर कारोबार करने के मामले में नोटिस जारी किया है। विभाग के दो दर्जन आबकारी अफसरों को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

सीएम भूपेश बघेल ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में डिस्टलर्स को नोटिस देने की पुष्टि की थी। जिन तीन डिस्टलर्स को नोटिस जारी किया गया है उनमें नवीन केडिया (डगलस कैसल), अमोलक सिंह भाटिया (वेलकम डिस्टलरी), और चुन्नू जायसवाल हैं। ये तीनों देशी शराब का निर्माण करते हैं।

बताया गया कि ईडी ने शराब घोटाला केस में तीनों शराब निर्माताओं का जिक्र किया है, और चार्ज शीट में यह कहा गया कि डिस्टलरी में बोतलों पर नकली होलोग्राम लगाकर अवैध रूप से शराब की बिक्री की। करीब 13 हजार पन्नों के चार्ज शीट में सरकारी संरक्षण में अवैध कारोबार का आरोप लगाया गया है। यह कहा गया है कि शराब घोटाले से जुड़े सिंडिकेट द्वारा शराब निर्माताओं को नकली होलोग्राम प्रदान किए गए।

शराब निर्माताओं ने भी ईडी को नकली होलोग्राम लगाकर कारोबार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्मांतरण रैकेट का खुलासा, 3 गिरफ्तार

गाजियाबाद (ए.)। धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों की गिरफ्तारी कोड़ा पुलिस ने अलग-अलग इलाके से की. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद राहिल उर्फ राहुल अग्रवाल, 30 वर्षीय मुशीर और 33 वर्षीय अब्दुल्ला अहमद उर्फ सौरभ खुराना के रूप में हुई है। ट्रांस हिंडन के पुलिस उपायुक्त विवेक चंद्र यादव ने बताया कि गाजियाबाद के खोड़ा में रहने वाले एक शख्स ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में दावा किया कि मोहम्मद राहिल उर्फ राहुल नामक युवक बेटी को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित कर रहा है. शिकायतकर्ता के मुताबिक बेटी कई महीनों से कुछ अजीबोगरीब हरकतें कर रही है। कभी नमाज पढ़ती है और कभी वजू करती है। पुलिस मामले की तहकीकात के दौरान आरोपियों तक पहुंच गई..राहुल की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में चौंकानेवाला खुलासा हुआ है। राहिल उर्फ राहुल ने 2017 में धर्म परिवर्तन कर इस्लाम अपना लिया था। पुलिस के मुताबिक

पीएम की जीरो टॉलरेंस की बात पर क्यों घबरा रहे हैं सीएम

■ पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने साधा भूपेश सरकार पर निशाना, सीएम बघेल के आरोपों निराधार बताया

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रेसवार्ता कर छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधा है। रमन सिंह ने कहा कि पीएम जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं तो सीएम भूपेश क्यों घबरा रहे है ? पीएम मोदी भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

फाइल फोटो

कोयला घोटाला, शराब घोटाला की बात होती है तो बचाव में पंजा सामने आता है। 2018 के बाद से हर महीने भूपेश यही कहते हैं रमन की संपत्ति बढ़ी है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि ये आरोप तथ्यहीन निराधार और राजनीति से प्रेरित है। रमन ने कहा कि सीएम भूपेश को हाईकोर्ट के फैसले पर भरोसा नहीं हो रहा है। मुझ पर आरोप लगाना ष्ट्ररू की आदत का हिस्सा बन गया है। छत्तीसगढ़ के 2003 के चुनाव से मेरी संपत्ति की बात करते हैं। सीएम ने कहा कि पीएम झुनझुना पकड़ाकर गए हैं। 7 जुलाई को सरकारी कार्यक्रम में पीएम और सीएम दोनों थे। पीएम प्रदेश को 7 हजार 600 करोड़ की सौगात देकर गए हैं। रमन सिंह ने कहा कि झुनझुना तो कांग्रेस ने सिंहदेव को पकड़ाया है। केवल 100-110 दिन का उप मुख्यमंत्री बना दिए हैं। धान खरीदी में सीएम पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि ये केंद्र पर झूठा आरोप लगा रहे हैं कि धान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरआरटीएस ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

■ सोलर पावर प्लांट में प्रति वर्ष 6,66,000 यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पाद होगा

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम परियोजना के तहत निर्माणाधीन आरआरटीएस सेमी हाई स्पीड ट्रेन के पहले चरण की शुरुआत होने में अभी कुछ समय और लगेगा, लेकिन आरआरटीएस डिपो दुहाई ने साहिबाबाद से दुहाई तक की सेवा की शुरुआत करने से पहले ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। दिल्ली एनसीआर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम की यह उपलब्धि चौंकाने वाली है. यही वजह है कि आरआरटीएस डिपो दुहाई की ये उपलब्धि अन्य परिवहन एजेंसियों सहित अन्य संस्थानों के लिए भी आने वाले दिनों में एक उदाहरण साबित होने वाला है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने 8 जुलाई 2023 को दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो में स्थापित एक अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। यह नवीकरणीय ऊर्जा और सस्टेनेबल प्रक्रियाएं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली में लागू होने वाला है गुजरात कानून!

■ एलजी ने गृह मंत्री अमित शाह को भेजा प्रस्ताव

नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली में जल्द ही गुजरात का कानून लागू होने वाला है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेनाने द गुजरात प्रिवेंशन ऑफ एंटी-सोशल एक्टिविटीज एक्ट 1985 को राष्ट्रीय राजधानी में लागू करने की सिफारिश की है। इस संबंध में गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया है। आपको बताते हैं कि ये कानून क्या है और क्यों चर्चा में रहा है। इस कानून के तहत सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए खतरनाक अपराधियों, अवैध शराब बेचने वालों, नशे के अपराधियों, ट्रैफिक कानून को तोड़ने वाले और संपत्ति हड़पने वालों की ओर से की जाने वाली असमाजिक और खतरनाक गतिविधियों को रोकने के लिए उन्हें ऐहतियातन हिरासत में लेने का प्रावधान है.

गुजरात अधिनियम रहा चर्चा में

गुजरात का पीएएसए अधिनियम चर्चाओं का विषय रहा है। राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने इस कानून का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए गुजरात सरकार की कई बार आलोचना की है. कोर्ट की ओर से भी इस एक्ट को लेकर फटकार लगाई जा चुकी है। ये कानून दो साल पहले भी तब चर्चा में रहा था जब एक डॉक्टर को इस कानून के तहत हिरासत में लिया गया था।

डॉक्टर को किया था रिहा: डॉक्टर मितेश ठक्कर को पुलिस ने रेमेडिसविर इंजेक्शन (कोरोना के मरीजों को दिए जाने वाला इंजेक्शन) की बिक्री के संदेह में हिरासत में लिया था। 27 जुलाई 2021 को 106 दिन जेल में बिताने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूसीसी पर कुछ नहीं कहेगी कांग्रेस

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के बाद से समान नागरिक संहिता पर देश भर में बहस जारी है। संभावना है कि इसी महीने शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार इसे सदन में पेश कर सकती है। मुस्लिम संगठन जहां इसका विरोध कर रहे हैं, वहीं राजनीतिक दलों की राय इसे लेकर बंटी हुई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने यूसीसी को लेकर पार्टी के रुख पर बयान दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें पहले यह देखना है कि आखिर सरकार का प्रस्ताव क्या है। सरकार ने अभी तक ड्राफ्ट नहीं रखा है और न ही हितधारकों के साथ किसी भी तरह की कोई चर्चा शुरू की है। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने फैसला लिया है कि वह तब तक कुछ नहीं कहेगी जब तक ड्राफ्ट सामने नहीं आता। समान नागरिक संहिता को लेकर चिंता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, एक डर है कि इससे विभिन्न समुदायों को मिले अधिकारों का हनन हो सकता है। हमें हिंदू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

एमपी की पहली महिला आईएएस निर्मला बुच का निधन

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव निर्मला बुच का 97 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। उनकी वर्ष 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन की सफल और सुरक्षित रिहाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। 21 अप्रैल 2012 को माओवादियों ने सुकमा जिले के मांझीपारा गांव से कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था, जिसके साथ ही न केवल प्रदेश में बल्कि पूरे देश में हड़कंप मच गया था। ऐसे समय में कलेक्टर की सुरक्षित रिहाई के लिए माओवादियों से बातचीत के लिए राज्य सरकार ने सबसे पहले निर्मला बुच से संपर्क साधा। निर्मला बुच ने भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

बंगाल में हिंसा आखिर कब तक

बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान भी जमकर बवाल कटा। मतदान के दिन बंगाल के संवेदनशील मतदान केन्द्रों में गोलिया बरसी बम फूटे पीठासीन अधिकारियों की पीटाई की गई मतदान केन्द्रों से मत पेटियां लूटी गई उन्हें आग के हवाले किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीति पार्टी के समर्थकों के बीच खुनी संघर्ष हुआ। जिसकी वजह से डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग मारे गए और कई घायल हुए। इस पूरे हिंसा के तांडव के दौरान पुलिस प्रशासन मुक दर्शक बना रहा। कहीं-कहीं पुलिस ने आराजक तत्वों को खदेड़ने की कोशिश की और हल्का बल प्रयोग किया लेकिन अराजक तत्व जिन्हें राजनीति संरक्षण प्राप्त है। वे पुलिस से ही भीड़ गए। बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान व्यापाक स्तर पर हिंसा होने की आशंका कांग्रेस भाजपा और कम्युनिष्ट पार्टी ने पहले ही जाहिर की थी। क्योंकि पंचायत चुनाव की घोषणा होने के बाद नामांकन दाखिले के दौरान ही हिंसक घटनाएं होने लगी थी। विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवारों को नामांकन से रोकने के लिए तृणमुल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने जमकर गुंडागर्दी की थी। जिसके चलते एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या भी हो गई थी। इन घटनाओं को लेकर कांग्रेस नेता और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीररंजन चौधरी ने कोलकाता में आंदोलन भी किया था। कांग्रेस भाजपा और कम्यूनिष्ट पार्टी के नेताओं ने पंचायत चुनाव निष्पक्ष और निर्भिक रूप से कराने के लिए केन्द्र सरकार से और केन्द्रीय चुनाव आयोग से गुहार लगाई थी कि वह बड़ी संख्या में पंचायत चुनाव के दौरान केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करे क्योंकि बंगाल पुलिस निकम्मी साबित हो रही है। ममता सरकार के संरक्षण में अराजक तत्व चुनाव में विघन डालने की कोशिश कर रहे है। इन विपक्षी पार्टियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए। केन्द्रीय चुनाव आयोग ने बंगाल में शांति पूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की थी। किन्तु बंगाल के राज्य निर्वाचन आयोग और बंगाल पुलिस ने इन केन्द्रीय बलों को अपेक्षित सहयोग नहीं दिया। नतीजतन केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान बंगाल के संवेदनशील कहे जाने वाले मतदान केन्द्रों तक समय पर पहुंच ही नहीं पाए। नतीजतन उन क्षेत्रों में जमकर हिंसा का तांडव हुआ। केन्द्रीय सुरक्षा बलों ने राज्य निर्वाचन आयोग और बंगाल सरकार पर आरोप लगाया है कि उन्होंने केन्द्रीय सुरक्षा बलों को वांछित सहयोग नहीं दिया। अब बंगाल की सरकार उलटा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए बंगाल में मतदान के दौरान हिंसा के लिए केन्द्र सरकार पर आरोप लगा रही है और यह सवाल उठा रही है कि मतदान के दौरान केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान क्या कर रहे थे। इस तरह का आरोप लगाकार बंगाल सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। इसके पूर्व भी बंगाल का चुनावी इतिहास रक्तरंजीत रहा है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान भी वहां हिंसा का नंगा नाच हुआ था जो चुनाव के बाद भी जारी रहा। तृणमुल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर इस कदर कहर ढहाया कि बड़ी संख्या में वे लोग बंगाल से पलायन करने के लिए बाध्य हो गए थे। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि चुनाव आयोग की तमाम बंदिशों और निर्देशों के बावजूद बंगाल में शांतिपूर्ण चुनाव हो ही नहीं सकते। पंचायत चुनाव के बाद भी हिंसा का यह दौर थम पाएगा इसकी उम्मीद कम है। केन्द्र सरकार को अब इस मामले में दखल देना ही चाहिए।

अरूण दीक्षित

साधारणतः यह माना जाता है कि समान नागरिक संहिता सिर्फहिंदू मुस्लिम विषय है। अधिकतर लोग नही जानते कि हिंदुओं में अनुसूचित जनजातियों के अपने अलग पारंपरिक व्यक्तिगत कानून हैं। बिना सोचे समझे जल्दबाजी में लायी गयी समान नागरिक संहिता से अनुसूचित जनजातियों में असंतोष पनपेगा जिसके दूरगामी घातक परिणाम होंगे। वैसे यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि हिंदुओं के वर्तमान व्यक्तिगत कानून पश्चिमी या ईसाई मानसिकता पर आधारित हैं और हिंदू धर्म के विरुद्ध हैं। संघ परिवार पिछले सात दशकों से समान नागरिक संहिता को लेकर हल्ला मचाता रहा है। पर संघ , जनसंघ या भाजपा ने कभी समान नागरिक संहिता का कोई प्रारूप प्रस्तुत नहीं किया है। आज वरिष्ठतम स्तर से आवाज़ उठाई जा रही है पर प्रारूप आज भी नहीं है। जब पचास के दशक में हिंदू कोड बिल संसद में पेश किया गया था तब संघ परिवार ने उसका विरोध किया था। कैसी विडम्बना है कि आज उसी बिल के परिवर्तित स्वरूप को समान नागरिक संहिता के रूप में पेश करने को संघ परिवार लालायित है। यह घातक साबित होगा! इस बीच जिस तरह की जागरूकता आदिवासी समाज में आई है,उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि मुसलमानों की तरह वे भी यूसीसी का विरोध करेंगे।विरोधी दल भी उन्हें इस काम के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ऐसे में यह तय है की एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों पर इसका असर पड़ेगा।लेकिन आत्मकेंद्रित राजनीति का प्रतीक बन चुके नरेंद्र मोदी को शायद इसकी परवाह नहीं है।दुर्भाग्य यह है कि बीजेपी के भीतर उनसे यह सवाल पूछने की हिम्मत भी कोई नही कर पा रहा है!

समान नागरिक संहिता, आखिर मोदी का इरादा क्या है!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनाव अभियान की अघोषित शुरुआत करते हुए देश में समान नागरिक संहिता लागू करने अपनी इच्छा को पूरी ताकत के साथ प्रकट किया।हालांकि वे पिछले 9 साल से इस पर काम कर रहे हैं।साथ ही अपनी पार्टी और उसके घोषित पितृ संगठन को भी इस काम में लगा रखा है।राष्ट्रीय विधि आयोग को भी काम सौंपा गया है।बीजेपी शासित कुछ राज्य भी इस दिशा में काम कर रहे हैं!

लेकिन भोपाल में मोदी ने जिस ताकत के साथ समान नागरिक संहिता(यूसीसी) की वकालत की उसने राजनीतिक दलों के साथ साथ देश के सबसे बड़े गैर मुस्लिम समाज, आदिवासियों को भी चौंका दिया है।साथ ही यह सवाल भी उठ खड़ा हुआ है कि क्या नरेंद्र मोदी दिल्ली पर काबिज बने रहने के लिए मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ और राजस्थान के साथ साथ पूर्वोत्तर राज्यों की कुछ सरकारों को दांव पर लगाने के लिए भी तैयार हैं?क्योंकि यूसीसी का असर सिर्फ 20 करोड़ मुसलमानों पर ही नही पड़ेगा! बल्कि देश के विभिन्न इलाकों में बसे करीब 11 करोड़ आदिवासी भी इससे प्रभावित होंगे! मुसलमान तो घोषित रूप से बीजेपी के साथ नही हैं।जो हैं उन्हें सिर्फ शोभा की वस्तु बना कर रखा गया है!लेकिन देश के ज्यादातर हिस्सों में आदिवासी बीजेपी के साथ खड़े दिखते रहे हैं।लोकसभा और विधानसभाओं में वे खुल कर बीजेपी का समर्थन करते रहे हैं!लेकिन जब उनकी सामाजिक आजादी पर कानूनी प्रहार होगा तब भी क्या वे बीजेपी का ही साथ देंगे?

इस पर आगे बात करने से पहले आदिवासियों से जुड़े आंकड़े देख लेते हैं।देश में करीब 700 से भी ज्यादा आदिवासी जातियां और समूह हैं।इनकी आबादी करीब 11 करोड़ है।मतलब कुल नागरिकों का करीब 8 प्रतिशत आदिवासी हैं। लोकसभा में आदिवासियों के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं।जिन राज्यों - मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़,मिजोरम और तेलंगाना में 4 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें भी आदिवासी अच्छी खासी तादाद में हैं। एमपी और छत्तीसगढ़ तो आदिवासी बहुल राज्य हैं ही।देश में सबसे ज्यादा आदिवासी एमपी में ही रहते हैं।एमपी से 6,छत्तीसगढ़ से 4 और राजस्थान से 3 आदिवासी सांसद चुने जाते हैं। एमपी में आदिवासियों के लिए 47 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं।जबकि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में यह संख्या 34

और 25 है।मिजोरम और तेलंगाना में बीजेपी का ज्यादा कुछ दांव पर नही है।लेकिन बाकी तीन राज्य उसके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं।

विधानसभा चुनाव की दृष्टि से देखें तो एमपी में आदिवासी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण स्थिति में हैं।राज्य में आदिवासियों की आबादी डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा है।230 में से 70 सीटों पर आदिवासी मतदाता असर डालते हैं।राज्य सरकार ने 89 ब्लॉक में आदिवासियों के लिए पेसा कानून लागू किया है। आदिवासियों के सामाजिक रीति रिवाज और लोक व्यवहार सामान्य हिंदुओं से अलग है।वे प्रकृति की पूजा करते हैं।उनका समाज काफी खुला है। बहु पत्नी प्रथा आम है।आदिवासी महिलाओं को भी इसी तरह की आजादी है। ज्यादातर वन प्रांतों में रहने वाले आदिवासियों के देवताओं में जानवर भी शामिल हैं। समाज में आए बदलाव का असर आदिवासियों पर भी पड़ा है।सेवा,शिक्षा और इलाज के नाम पर उनके बीच पहुंचे चर्च ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है।बड़ी संख्या में आदिवासियों ने ईसाई धर्म अपनाया है।कुछ जगहों पर आदिवासी मुसलमान भी बने हैं।उन्हें हिंदू धर्म से जोड़ने की कोशिश काफी लंबे समय से की जा रही है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आदिवासियों के बीच काफी समय से काम कर रहा है।संघ प्रमुख खुद लगातार आदिवासियों के बीच जा रहे हैं।एमपी और छत्तीसगढ़ में तो संघ बड़े बड़े आयोजन आदिवासियों के बीच कर चुका है।आजकल वह धर्म बदल चुके आदिवासियों से आरक्षण वा अन्य सुविधाएं वापस लिए जाने की मुहिम भी चला रहा है। उधर आदिवासी शुरू से ही यूसीसी के पक्ष में नहीं हैं।देश भर में आदिवासी संगठन यूसीसी का विरोध करते रहे हैं।उन्हें लगता है कि यूसीसी आने के बाद उनकी परंपरागत प्रथाएं प्रभावित होंगी।उनका सामाजिक ढांचा प्रभावित होगा।संविधान की छठी अनुसूची में जो हक उन्हें दिए गए हैं, वे प्रभावित होंगे। यही वजह है कि राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने 2016 में ही यूसीसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।परिषद चाहती है कि किसी भी बदलाव से पहले सरकार आदिवासियों के रीति रिवाज और धार्मिक प्रथाओं की सुरक्षा की गारंटी दे।जमीनी स्तर पर भी आदिवासी संगठन विरोध कर रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा यूसीसी की वकालत ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वे मुसलमानों के साथ आदिवासियों का विरोध झेलने को तैयार हैं?क्योंकि वे भले ही 80...20 का खेल देख रहे हों लेकिन वातविकता में यह 70 ...30 का खेल बनता जा रहा है। भले ही बीजेपी आदिवासियों को घेरने की हर संभव कोशिश कर रही हो,पर क्या यह संभव होगा कि वे अपनी मूल परम्पराओं को छोड़ यूसीसी की छतरी के नीचे आ जाएं? अपनी इसी कोशिश के तहत उसने एक आम आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया है। आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में भी केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार ने बहुत कुछ किया है।आदिवासी क्रांतिकारी टंट्या भील का भव्य स्मारक भी बनाया गया है। कोल आदिवासियों को बीजेपी से जोड़ने के लिए शबरी माता का जन्मदिन भी एमपी सरकार ने मनाया।कोल समाज से जुड़े स्थलों का जीर्णोद्धार भी सरकार करा रही है।उनके लिए पेसा कानून भी लागू किया गया है।

लेकिन क्या आदिवासी इन प्रलोभनों में आकर अपनी मूल परंपराओं से समझौता करेंगे?यह कड़वा सच है कि देश में स्वतंत्र आदिवासी नेतृत्व आज तक नही पनप पाया है। इसके अनेक कारण रहे हैं।आज भी यही स्थिति है!सवाल यह है कि क्या मोदी ने यह मुहिम 2024 को लक्ष्य करके शुरू की है?क्या उन्हें 2023 के अंत में में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की परवाह नहीं है? यह सच है कि 2018 में इन सभी राज्यों में बीजेपी की करारी हार के बाद भी मोदी लोकसभा चुनाव और ज्यादा बहुमत से जीते थे।यह अलग बात है कि कांग्रेस में सिंधिया के विद्रोह के बाद एमपी में बीजेपी की सरकार फिर बन गई।लेकिन वे क्या अब भी सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं? मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आदिवासी मतदाता बड़ी भूमिका में हैं।इन तीनों ही राज्यों में 2018 के चुनाव में उन्होंने बीजेपी का साथ नही दिया था।लेकिन लोकसभा में वे बीजेपी के साथ दिखाई दिए थे। तो क्या अब भी मोदी इसी तरह की योजना पर काम कर रहे हैं?क्या अब भी वे कट्टर हिंदू और ओबीसी वोटरों

विशेष

नक्सलियों पर भारी पड़ा स्नीफर डाग्स

बस्तर में सीएएफ के प्रशिक्षित डाग्स नक्सलियों के घातक मंसूबे पर पानी फेर रहा है। जिन रास्तों पर पुलिस जवानों को घेरने के लिए नक्सली बम बिछाने का काम करते है, उन ठिकानों पर सीएएफ बम रोधी डाग्स पता लगाकर नक्सली वारदात को ध्वस्त कर जवानों की जान बचा रहे है। जिसके कारण लगातार नक्सली वारदात लगातार फेल हो रहे है। सीएएफ के प्रशिक्षित डाग्स नक्सलियों के हौसलों को पस्त करने में सक्षम हो गए है। अब नक्सली सिर नहीं उठा सकेंगे। डाग्स प्रशिक्षण सेंटर की स्थापना के बाद से पिछले 11 सालों में सैकड़ों जवानों की हिफाजत करने में प्रशिक्षित डाग्स ने वह कारनामा कर दिखाया जो एंटी नक्सल के विशेषज्ञ भी नहीं कर पाए । दुर्ग जिले में स्थित सीएएफ के सातवीं वाहिनी के डाग ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षित श्वान नक्सल मोर्चे पर अहम भूमिका निभा रहे हैं। जवानों के साथ डाग्स भी मुस्तैद से बीहड़ में घुस कर नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। वर्ष 2002 में यहां पर डाग ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की गई थी। इसके बाद वर्ष 2005 से श्वानों को विभिन्न जिलों में तैनात किया गया। तैनाती के बाद से अब तक इन श्वानों ने कुल 565 विस्फोटकों को खोजा है। जिसे निष्क्रिय करने के बाद बड़ी नक्सली घटनाओं को रोका जा सका है। इसके साथ ही ट्रैकर श्वानों ने हत्या के 267 और चोरी के 162 मामलों को सुलझाने में बड़ी अहम भूमिका निभाई है। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 80 श्वानों को तैनात किया गया है। जो विभिन्न मोर्चों पर तैनात होकर काफी अच्छा काम कर रहे हैं। जिस समय सीएएफ के सातवीं वाहिनी में डाग ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की गई थी। उस समय जर्मन शेफर्ड और लेब्राडोर नस्ल के श्वानों की हैदराबाद से खरीदी की जाती थी। श्वानों को खरीदकर उन्हें प्रशिक्षित कर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उन्हें तैनात करने की प्रक्रिया कई सालों तक चली। इसके बाद पुलिस मुख्यालय की स्वीकृति के बाद वर्ष 2021 में पहली बार यहां पर श्वानों की ब्रीडिंग कराई गई और उनसे जन्मों पिल्लों को प्रशिक्षित किया गया। अब तक यहां से कुल 194 श्वानों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें वर्तमान में 80 श्वान तैनात हैं। इनमें 52 श्वान प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में पदस्थ हैं। वहीं 26 ट्रैकर श्वानों को मैदानी जिलों में तैनात किया गया है। दो श्वानों को एनडीपीएस की ट्रेनिंग दी गई थी। जो प्रदेश के महासमुंद और कोंडागांव जिले में पदस्थ हैं। वर्ष 2021 में जन्म श्वानों में से दो श्वानों को एनडीपीएस की ट्रेनिंग दी गई थी। जिसमें उन्हें गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, हेरोइन और शराब को सूंघकर उस तक पहुंचने का प्रशिक्षण दिया गया था। इनकी तैनाती महासमुंद और कोंडागांव जिले में की गई। कारण ये था कि महासमुंद और कोंडागांव जिले की सीमा से सटकर ओडिशा के जिले लगते हैं। जहां से बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी की जाती है। इन जिलों में पदस्थापना के बाद भी इन श्वानों से कभी भी काम नहीं लिया गया। जिसके चलते इनकी मदद से एक बार भी नशीले पदार्थों को पकड़ने में कोई सफलता नहीं मिली। वहीं नक्सल प्रभावित जिलों और मैदानी जिलों में पदस्थ श्वानों से काम लिया गया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन भी किया और अच्छे नतीजे सामने आए हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ख्वाहिश ये हरगिज नहीं, हो जाऊं

ख्वाहिश ये हरगिज नहीं, हो जाऊं मशहूर। काफी है पहचान लें, मुझको आप हुजूर। करो बुराई लाख तुम, मेरी सखा सुजान। नही सुनाई दे मुझे, रहे यही बस ध्यान।।

रमेश शर्मा

बवा ही कहो फैली है हर ओर जान

बवा ही कहो फैली है हर ओर जान

सस्ती और हवा मंहगी हुई। टुटे उम्मीद गर क्या गिला करें वफा छोडो अब वफा मंहगी हुई। खुदा का दर कहाँ नसीब सबको दरश और दुआ बड़ी मंहगी हुई। दिलों मे सुलग रही इतनी नफरत भाईचारे की भावना मँहगी हुई।

सपना चन्द्रा

खास पाती | मौसम ले रहा है मस्त किलकारियां

मौसम ले रहा है मस्त किलकारियाँ देखो फिर से काली घटायें बेईमान हुए जा रहीं हैं मन मयूर करना चाह रहा है मदमस्त नृत्य आंखो में मासूम शरारते डोलने लगी हैं खड़े हैं तुम्हारे इंतजार की राह के उसी मोड़ पर भीगना चाह रहे हैं तुम्हारे प्रेम की हसीन बारिशों में ये छतरी तनिक भी नहीं भा रही है अब मुझको सराबोर होना है मुझे तुम्हारी खुश्बू में होकर तर बतर सुनो ना तुम आओ तो कोई बात बनें। **पूनम राजपूत**

यूं जिंदगी अकेली गुजारी नहीं

यूँ जिंदगी अकेली गुजारी नहीं जाती तुम साथ होते तो जिंदगी की बाजी अपनी होती उसकी यादें मेरे सीने में खंजर सा चुभता है मेरे दर्द से न जाने क्यों वो अंजान रहता है पूछना है मुझे उससे मिलकर एकबात क्या बिना दिल के ही धड़क उठे थे तुम्हारे जज्बात आँसू जो बहते है मेरी आँखों से उसका रिश्ता है तेरे एहसासों से खोए रहने की अब आदत सी हो गई है तुम्हारा साथ बीते पलों को यादों में संजोई है वफा वेबफा सब मुहब्बत के ही नाम है फर्क इतना सा है कोई दर्द जीता है किसी को खुदाई मिली है। **बबली सिन्हा वान्या**

न मुझे किसी से प्रतिस्पर्धा हैं न

न मुझे किसी से प्रतिस्पर्धा हैं न किसी से कोई शिकवा - गिला मैं अपने में ब्यस्त रहता हूँ फिर भी खटकता हूँ ?अनजाने राहों में अनजाने बहुत मिले सब से दिल लगाया पर मेरी सीरत किसी को न समझ आया मुझ पर नजर बहुत हैं मुझें कोई शिकायत नहीं अलबत्ता यह संघर्ष का पल है बस चलते रहना है। **लक्ष्मी नारायण लहरे**

भर गया मन एक से तो दूसरा

भर गया मन एक से तो दूसरा मन चाहते हैं। तुम स्वयं को दोष मत दो, सब नयापन चाहते हैं। अश्रु-कण से नेत्र-दर्पण अब उतरते जा रहे हैं। पर तुम्हारे चित्र बिल्कुल भी नहीं धुँधला रहे हैं। मन तुम्हारे लौटने का, अंत तक इच्छित रहेगा। अन्य का इस देहरी पर, आगमन वर्जित रहेगा! **इति शिवहरे**

कमल कीचड़ में खिलता

कमल कीचड़ में खिलता है इसे मत भूल जाना तुम अजर हो देह आत्मा सी अमर वाणी बनाना तुम निगाहें आसमां पर हो जमीं पर हो पकड़ तेरी सदा कर्मो से अपने विश्व में डंका बजाना तुम।

ज्योत्सना सक्सेना

कभी-कभी उलझन के भीतर

कभी-कभी उलझन के भीतर, सुलझन वाले हल मिले, कांटों वाली बेरी से भी, मीठे-मीठे फल मिले उसके खारेपन में कोई आकर्षण की बात तो है वरना क्यों सागर मे जाकर पावन गंगाजल मिले कुछ लोगों से बरसों मिलकर अपनापन ना हो पाया, कुछ से हुए जनम का रिश्ते अभी-अभी जो कल मिले। **निश्चय बाजपेई**

आशाओं के झिलमिल-झिलमिल

आशाओं के झिलमिल-झिलमिल हम दीप जलाने वाले हैं! पलकों की रिमझिम-रिमझिम से हम गीत बनाने वाले हैं! आँखों मे बादल से बनते बादल ये झर झर के ढ़लते हम दर्द भरे उस पतझड़ में नव मधुवन लाने वाले हैं हम गीत दिल हार गए जो राहों में हम भर के उनको बाहों में प्रेमिल गीतों की राहों से मंजिल को। बताने वाले हैं हम गीत कंटक पथ भी चलते चलते फूलों से पथिक हो जाते हैं दीवाने मंजिल पाते हैं- यह पथ में गाने वाले हैं। हम गीत। **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व के इतिहास में 10 जुलाई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः 1246- नसीरुद्दीन मुहम्मद शाह दिल्ली की गद्दी पर आसीन हुआ। 1624- हॉलैंड और फ्रांस के बीच स्पेन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किये गए। 1848- न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू हुआ। 1907- फ्रांस और जापान के बीच चीन की स्वतंत्रता एवं अखंडता को बरकरार रखने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। 1946- इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना। 1965- महिलाओं के लिए पहला एनसीसी कालेज ग्वालियर में खुला। 1966- वायु सेना के लड़ाकू विमान 'मिग' का महाराष्ट्र के नासिक जिले में निर्माण शुरू। 1972- मुम्बई के मडगांव बंदरगाह से पूर्ण वातानुकुलित पोत हर्षवर्धन का जलावतरण। 1983- ब्रिटेन में मार्गरेट थैचर पुनः प्रधानमंत्री बनीं। 1986- भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर लॉर्ड्स में पहली टेस्ट जीत हासिल की। 1999- जेनेवा में अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन की शुरुआत।

QUIZ TIME

1) पश्चिमी चित्रकला शैली के अधिकांश चित्र किस धर्म से संबंधित है?

2) मध्य एशिया के बड़े भाग में किस भाषा परिवार की प्रधानता पाई जाती है?

3) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की स्थापना कब की गई थी?

4) दक्षिणी अप्लेशियन औद्योगिक क्षेत्र किस देश में अवस्थित है?

5) साजन प्रकाश जिन्होंने 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में 8 पदक जीते है, किस खेल से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जैन धर्म (2) अल्ताइक (3) 12 जुलाई, 2016 (4) संयुक्त राज्य अमेरिका (5) तैराकी

आज का पंचांग (10 जुलाई 2023)

सूर्योदयः 05:43, सूर्यास्तः 07:20
चन्द्रोदयः 23:50, चन्द्रास्तः 11:37

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : रेवती, योग : शोभन (14:44 से अतिगण्ड), प्रथम करण : विष्टि (08:50 तक), द्वितीय करण : बव (19:59 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : मीन, मंगल : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50, अमृत काल 14:54 से 16:26, सर्वार्थसिद्धि योग 05:22 से 19:29, रवियोग 05:22 से 19:29, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:42, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:22 से 14:07, होमाहुति गुरु, दिशाशूल पश्चिम

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आपका आज का दिन लगभग चिंता परेशानी में ही व्यतीत होने वाला है। प्रातः काल से दिमाग़ को ठंडा रखने का प्रयास करेंगे लेकिन आसपास वातावरण क्रोध दिलाएगा।

वृष : आपका आज का दिन हर प्रकार से लाभदायक रहने वाला है। विशेषकर कार्य क्षेत्र पर आज आपकी रुकी हुई योजनाओं में आकस्मिक गति आने से धन लाभ के मार्ग खुलेंगे ।

मिथुन : आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आज कार्य क्षेत्र से समय निकाल कर एकांत में समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

कर्क : आज का दिन आपके लिए राहत भरा रहेगा। किसी दिव्य अनुभूति के कारण आध्यत्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

सिंह : आज के दिन आपको सेहत का विशेष ध्यान रखने की सलाह है। असंयमित दिनचर्या के कारण आज शारीरिक रूप से कमजोरी थकान अनुभव होगी।

कन्या : आज का दिन व्यापारियों के लिए लाभदायक रहेगा लेकिन इसके लिये आलस्य का त्याग करना पड़ेगा। आपके पूर्व नियोजित कार्यक्रम अधिक व्यस्तता के कारण निरस्त होंगे।

तुला : आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। परन्तु आज घरेलु खर्च अधिक रहने से आर्थिक समस्या खड़ी हो सकती है।

वृश्चिक : आपका आज का दिन प्रेम-प्रसंगों में यादगार अनुभूति कराएगा। प्रातः काल से ही लघु यात्रा की योजना बनाएंगे।

धनु : आपको आज का दिन विवेकी व्यवहार से बिताने की सलाह है। आपके ऊपर कई लोगो की नजर रहेगी लोग आज आपकी छोटी-छोटी गलतियां तलाशेंगे।

मकर : आज का दिन आपको मिला जुला फल देने वाला रहेगा। दिन के आरंभ से मध्याह्न तक किसी कार्य को करने के लिये जोड़ तोड़ में लगे रहेंगे।

कुंभ : आज का दिन भी सुख शांति से व्यतीत करेंगे। आलस्य आज अधिक रह सकता है जिससे दिनचर्या दिन के आरंभ से ही धीमी रहेगी लेकिन भाग्य का साथ मिलने से कार्य-व्यवसाय से आज भी उम्मीद के अनुसार लाभ मिलेगा।

मीन : आज के दिन व्यक्तित्त्व निखरा रहने से आप जहां भी रहेंगे वहां अपनी अलग पहचान बनाएंगे। कार्य क्षेत्र से धन के साथ-साथ वर्चस्व में भी वृद्धि होगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -120

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 119 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

खबरों के गलियारे से...

नब्ज टटोलने के साथ चुनावी शंखनांद

छत्तीसगढ़ को 7600 करोड़ की सौगात देने राजधानी पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस सरकार पर आरोपों की मानसूनी छड़ी लगा दी।

वैसे भी यह राज्य को सौगात देने के बहाने नब्ज टटोलने के साथ चुनावी शंखनांद ही था। न तो छत्तीसगढ़ हस्तिनापुर है और न ही महाभारत जैसा कोई युद्ध होने वाला है, पर तैयारी तो युद्ध के सदृश्य ही नजर आया। जो राजधानी के चौक-चौराहों लगे पोस्टरों में देखा जा सकता है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि जनसभा में पीएम के जय जोहार कहते ही पंडाल में उपस्थित सभी योद्धाओं की आंखों में सरकार बदलने की चमक दिखाई देने लगी।

किसके लिए जी-जान लगाएं

हाल ही में केंद्रीय मंत्री शाह की बंद कमर की बैठक में जो पिक्चर सामने आया है उसमें जीत तो दिखा रहा है लेकिन 14 कदम दूर

बता रहे है। यानी आंतरिक सर्वे में 34 विधानसभा सीट पर भाजपा को निश्चित जीत मिल रही है, जबकि 14 सीट पर पार्टी जीत के करीब है। आठ विधायकों का टिकट कटना तय हो गया है, जबकि पांच सांसदों को चुनाव मैदान में उतारने पर विचार किया गया है। शाह ने साफ-साफ कहा कि गुटबाजी सहन नहीं की जाएगी, सभी मिलकर काम करें और जी जान लगाएं। 90 सीटों में से भाजपा के 13 ही विधायक हैं। बाजी पलटने के लिए जी जान लगाना है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि भाजपाई असमंजस की स्थिति में है, अपने जीत के लिए जी जान लगाए या पार्टी की जीत के लिए। जिनके टिकट कटने वाले है वो क्या करे?

डिप्टी सीएम भी कूदे यूसीसी मामले में

देश में यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) के मुददे पर राजनीतिक दलों में जोरदार बहस के बीच में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस

सिंहदेव ने यूनिफार्म सिविल कोड मामले में कूद पड़े है। डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने कहा कि अभी मेरी राय में देश और देश के नागरिक समग्र रूप से समान नागरिक संहिता के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि जब भाजपा वाले तैयार है तो कांग्रेस के लिए यूसीसी के लिए अनुकूल समय कब आएगी। डिप्टी सीएम बनते ही टीएस सिंहदेव ने राष्ट्रीय राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ा दिया है। खबरदारों का कहना है कही सांसद चुनाव तो नहीं लड़ना चाहते है बाबा।

भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की गारंटी तय

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पीएम को पत्र लिखकर प्रदेश और देश ज्वलंत विषयों पर 21 सवाल पूछा है। देश की अर्थव्यवस्था तबाह है, बेरोजगारी चरम पर है, संस्थागत भ्रष्टाचार से सरकारी तंत्र कमजोर हो गया। देश की जनता इन सवालों के जवाब की अपेक्षा रखती है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि पीएम ने जनसभा में सवालों का जवाब तो नहीं दिया, लेकिन एक चेतावनी दे दी है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई की गारंटी तय है। भाजपाई कहते फिर रहे है कि मरकाम जी विधानसभा वाला सवाल फिर से उठा दो।

पीएम ही बदलते रहे हैं तकदीर

पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का कहना है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। नौ वर्ष का

कार्यकाल स्वर्णिम व ऐतिहासिक रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सामूहिक नेतृत्व से अगला चुनाव लड़ेगी और शत-प्रतिशत बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस को भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। तब डा.रमनसिंह को बाजपेयी जी ने जिम्मेदारी दी और बंपर जीत दर्ज करने के साथ ही डा. रमनसिंह की तकदीर बदल गई।

दावेदारों का पोस्टर के जरिए शक्ति प्रदर्शन

पीएम मोदी के स्वागत में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से साइंस कालेज मैदान में पोस्टर और बैनर से पाट दिया गया है। पूरे शहर में पीएम मोदी का चेहरा नजर आ रहा है। भाजपा नेताओं ने विशेष रणनीति के तहत पोस्टर अभियान चलाया है, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र है। देश का गौरव बढ़ाने वाले पोस्टर में शामिल किया गया है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि ज्यादातर पोस्टरों में टिकट के दावेदारों के थे जो पोस्टर के जरिए शक्ति प्रदर्शन पार्टी का ध्यान आकर्षित करने में लगे रहे ताकि दावेदारी मजबूत हो सके।

25 हजार करोड़ का घोटाला

कांग्रेस ने पूर्ववर्ती रमन सरकार और उनके मंत्रियों पर एक लाख करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, तो जवाब में भाजपा ने पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक को मैदान में उतारा। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और विधायक शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर केंद्रीय राशि का दुरूपयोग का आरोप लगाया है। चंद्राकर ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी जैसी फ्लैगशिप योजना में एक रुपये का बजट नहीं है और 10,000 गोठान में 25 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। भाजपा सरकार बनी तो मामले की सीबीआइ से जांच कराई जाएगी।

मॉक ड्रिल कराया जाए

इंदिरा प्रियदर्शनी बैक घोटाले मामले में पूर्व मैनेजर उमेश सिन्हा पूछताछ के दौरान बार-बार पुलिस को गुमराह करता आ रहा है। वर्ष 2006-07 में हुए 53 करोड़ के इंदिरा प्रियदर्शनी बैक घोटाला मामले में मुख्य आरोपित रहे बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा से दो दिन में 20 घंटे सिटी कोतवाली पुलिस थाने में पूछताछ की। पूछताछ में सवालों के जवाब देने के बजाय पुलिस को गुमराह करता रहा। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि उमेश सिन्हा को फिर से किसी सहकारी बैंक का मैनेजर बना कर मॉक डिल कराया जाए।

अपनी प्रतिक्रिया navpradesh@gmail पर भेजें...

भाजपा ने सरकार पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और किसानों के मुद्दे पर एक बार सियासत तेज हो गई है। धान खरीदी को लेकर पीएम मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पलटवार का भारतीय जनता पार्टी ने जवाब दिया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। ओपी चौधरी ने भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगाया कि धान की खरीदी केंद्र सरकार के सहयोग होती है, मगर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झूठ बोलते हैं। वह किसानों को ठगने का काम करते हैं। वह भूपेश नहीं ठगेश हैं। भाजपा नेता चौधरी ने धान खरीदी के मुद्दे पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मंत्री रविंद्र चौबे की याददाश्त कमजोर हो चुकी है। जिस प्रधानमंत्री ने देश की साख बढ़ाई है, उन पर भूपेश ने झूठ बोलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार धान खरीदी में श्वेत पत्र जारी करें।

गुमराह कर रहे

छत्तीसगढ़ दौरे पर आए पीएम मोदी ने धान खरीदी पर

प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा-मोदी गरीब का बेटा है। गरीबों का दुख दर्द समझाता है। कांग्रेस कुशासन व भ्रष्टाचार के दाग को झूठी गारंटियों से छिपाने की कोशिश कर रही है। बीजेपी असली गारंटी देती है। आयुष्मान भारत में 40 लाख गरीबों की मदद की यह असली गारंटी है। कोरोना में छत्तीसगढ़ के लाखों लोगों को मुफ्त राशन दिया, गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दिया, आज भी दे रहे हैं, यह है असली गारंटी। पीएम फसल बीमा में राज्य के किसानों को 6,500 करोड़ मिल चुके हैं। किसान सम्मान निधि में 40 लाख से अधिक किसानों को 6,600 करोड़ रुपया दिया, यह है असली गारंटी। जो योजना दिल्ली से शुरू कराते हैं, कांग्रेस यहां अड़ंगा लगा देती है। पीएम आवास इसका उदाहरण है। यहां 12 लाख पीएम आवास की तैयारी थी, कांग्रेस आई तो घर बनाने की रफ्तार पर रोक लग गई। मोदी ने धान खरीदी मामले में भी राज्य सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में खरीद का 80 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार ले लेती है। धान पर एमएसपी बढ़ाई गई है। पांच साल में केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए एक लाख करोड़ रुपये दिए हैं। इस वर्ष भी 22,000 करोड़ दिए हैं।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। गोलबाजार पुलिस ने सीएमओ ऑफिस के पीछे अवैध रूप से गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सीएमओ ऑफिस के पीछे एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी किशन देव यादव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बैग में 7 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 72 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गंदगी देख भड़के अपर आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त स्वास्थ्य आईएएस जयंत नाहटा ने जोन क्रमांक 5 का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कार्य के दौरान गायब पाए गए सफाई कर्मियों पर उन्होंने नाराजगी जताई, वहीं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। निगम के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अपर आयुक्त जयंत नाहटा ने जोन क्रमांक 5 क्षेत्र के वामन राव लाखे वार्ड के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां नियुक्त 36 सफाई कर्मियों में से सिर्फ23 ही उपस्थित मिले, वहीं 13 का अता-पता नहीं था। इस पर प्रशिक्षु आईएएस ने संबंधित ठेकेदार पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान महादेव घाट रोड में कचरे का ढेर पाया गया, साथ ही डंगनिया बाजार की सफाई व्यवस्था भी असंतोषजनक पाई गई। इस लापरवाही पर जेडएचओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिया गया है।

नागवाही में प्राथमिक शाला भवन का शिलान्यास

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के परिवहन, आवास पर्यावरण, वन, विधि विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम नगवाही में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

मंत्री श्री अकबर ने कहा की प्राथमिक शाला भवन बन जाने से शाला के संचालन में सुविधा होगी। इसके निर्माण से स्कूल की विभिन्न गतिविधियां करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा की प्राथमिक शाला भवन के निर्माण होने से बच्चों को सभी सुविधाएं मिलेंगी। शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के लिए उचित वातावरण मिलेगा। बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा। इस अवसर पर होरी साहू

जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए शासन लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। वही कुपोषण मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किए जा रहे हैं। अंग्रेजी में शिक्षा उपलब्ध कराने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। जहां बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए शासन वहां स्कूल का निर्माण कर रही है। जिसका मुख्य लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सके इसके लिए नवीन स्कूल भवनों का निर्माण और जीर्णोद्वार किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शिक्षा के अधिकार के तहत निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में सफलता मिलती है। सुदूर वनांचल क्षेत्रों में नवीन स्कूल भवन निर्माण होने से शिक्षा का आधार मजबूत होगा। बच्चों के शिक्षा से जुड़ने से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही आने वाले पीढ़ी शिक्षा के महत्व को समझेगी और शिक्षा से जुड़ेगी।

बदल गए सैकड़ों छात्रों के रिजल्ट

■ 912 फेल छात्र हो गए पास, मेरिट लिस्ट भी बदलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद रीवैल में सैकड़ों छात्रों की किस्मत बदल गई। दरअसल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के नतीजे घोषित कर दिए। रीवैल में 10वीं व 12वीं के 912 फेल छात्र पास हो गए हैं। यही नहीं इस रीवैल के बाद मेरीट लिस्ट में भी परिवर्तन होने की बात कही जा रही है। जल्द ही बोर्ड नई मैरीट लिस्ट भी जारी कर सकता है। बता दें सीजी बोर्ड द्वारा अप्रैल महीने में दसवीं व 12वीं के नतीजे घोषित किए थे। परिणाम

आने के बाद कई छात्र इससे खुश नहीं दिखे। बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन व पुर्नगणना के आवेदन के लिए छात्रों को समय दिया। इस दौरान 10 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने पुनर्मूल्यांकन व पुर्नगणना के लिए आवेदन किया। दोबारा मूल्यांकन होने के बाद दसवीं में 547 और बाहरवीं में 365 छात्रों के परिणाम बदल गए। बोर्ड की ओर से जारी नतीजे के बाद 912 छात्र फेल से पास हो गए हैं।

रीवैल के बाद अब मेरिट लिस्ट में भी बदलाव हो सकता है। पुरानी सूची में अब कुछ नए नाम जुड़ जाएंगे और लिस्ट को अपडेट किया जाएगा। बोर्ड द्वारा जल्द ही नई मेरिट लिस्ट भी जारी किया जाएगा। यही नहीं रीवैल के बाद सैकड़ों छात्रों के पास होने पर मूल्यांकन में लापरवाही की बात भी सामने आ रही है। 2022 में मूल्यांकन में लापरवाही करने वाले 100 से ज्यादा शिक्षकों को ब्लैकलिस्ट किया गया था। इस बार भी मूल्यांकन में लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

सदरबाजार से बाइक चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। सदरबाजार कोतवाली के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उज्जवल साहू 23 वर्ष शिवनगर हांडीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएल 8546 से सदरबाजार गया था, तभी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

96 क्विंटल चावल-शक्कर ले उड़े चोर

दुर्ग-रायपुर/नवप्रदेश। अण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम आमटी स्थित सरकारी गोदाम से अज्ञात चोरों ने भारी मात्रा में चावल और शक्कर पार कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय राशन की गोदाम में चोरी का मामला सामने आया है। शासकीय राशन की गोदाम से 96 क्विंटल चावल और 75 किलो शक्कर की चोरी हुई है। चोरी गए चावल और शक्कर की कीमत करीब 4 लाख 45 हजार रूपए आंका गया है। ये ग्राम पंचायत आमटी स्थित सोसायटी है, जहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोदाम के लोहे के शटर एवं चैनल गेट को तोड़कर तथा अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है। मामले पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी अंडा पुलिस ने जल्द से जल्द अज्ञात आरोपी को पकड़े जाने का भरोसा दिलाया है। मिली जानकारी के मुताबिक अंडा क्षेत्र अंतर्गत 5 किमी. की दूरी पर ग्राम आमटी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली गोदाम में रखे चावल व शक्कर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। सोसायटी संचालक जामवंत देशमुख पिता सोनराम देशमुख 57 वर्ष पता ग्राम सलौनी तिलखेरी थाना अर्जुन्दा जिला बालोद ने थाना प्रभारी अण्डा से मामले की लिखित शिकायत की है।

नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। प्यून के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 70 लाख 10 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सुरेन्द्र कुमार वर्मा 50 वर्ष ग्राम माठ खरोरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी भूपेश कुमार सोनवानीी ने प्रार्थी के पुत्र लोकेन्द्र वर्मा व अन्य लोगों को एम्स में प्यून के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 70 लाख 10 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।

पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। गंगा ट्रेडर्स दुकान के पास अवंतिविहार में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से प्रार्थी विनोद कुमार केशवानी 53 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अविनाश पंजाबी ने उधार पैसे के लेन-देन के विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी अविनाश पंजाबी 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विनोद कुमार केशवानी ने उधार पैसे की लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया है।

चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। चंडी नगर खम्हारडीह में युवक पर चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया नीशा धीवर 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजू साहू व शिमो साहू ने प्रार्थिया के पति महेन्द्र धीवर से गाली-गलौज कर चाकू मारकर चोट पहुंचाया।

डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर 32 दांत निकाले

रायपुर/नवप्रदेश। एक 14 वर्षीय युवक के 58 दांत थे, ऑपरेशन के बाद देवेंद्र नगर रायपुर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल के डॉ गौरव खेमका ने मरीज के 32 दांत ऑपरेशन कर बाहर निकाले। कांकेर निवासी नकुल के, केवल ऊपरी जबड़े में ही असामान्य रूप से ऊगे छोटे-बड़े 32 दांतों यानी कुल मिलाकर 58 दांतों को देखकर सभी अचंभित रह गए। मरीज के पिता ने बताया कि एक साल पहले नकुल के ऊपरी जबड़े में सूजन आने लगी थी, दर्द तो ज्यादा नहीं होता था, लेकिन ऊपरी जबड़ा कुछ असामान्य सा लगने लगा था उसके दूध के पैदाइशी दांत अभी तक टूटे नहीं थे, युवा होते बेटे के पक्के दांत अभी तक नहीं आए थे, इसी परेशानी को लेकर हमने बच्चे को लोकल स्तर पर दिखाया जहां एक्स-रे एवं सीटी स्कैन में पता चला कि बच्चे के ऊपरी जबड़े में ट्यूमर है जिसका इलाज वहां उपलब्ध नहीं था, अतः वे देवेंद्र नगर, रायपुर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ.गौरव खेमका के पास गए। ऑपरेट करने में डॉ. गौरव खेमका और उनकी टीम को 2 घंटे से भी ज्यादा का समय लग गया, इस सर्जरी में बच्चे के उन असामान्य 32 दांतों को निकाल दिया गया। तथा बोन ग्राफ्टिंग के बाद बच्चे का चेहरा अब एकदम सामान्य दिखाई दे रहा है, सूजन नहीं रह गई और अगले दो हफ्तों में बच्चा पूरी तरीके से ठीक हो जाएगा।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। अवंतिविहार राजीव गांधी नगर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया ममता मारकण्डे पति नंदकुमार मारकण्डे 34 वर्ष ने थाना में शिकायत किया आरोपी राहुल नायक ने शराब के नशे में पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

भाठागांव बस स्टैण्ड बना लूट का अड्डा

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव बस स्टैंड अपने निर्माण से लेकर वर्तमान में संचालन के लिए लगातार आलोचना में बना हुआ है। बस स्टैण्ड में नियम-कानूनों को ताक पर रखकर मनमानी चल रही है। यात्रियों को जहां दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ता है तो वहीं यहां आने वाले नागरिकों को अवैध वसूली, गाली-गलौच और मारपीट तक का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर नागरिकों में जोरदार आक्रोश पनप रहा है। अंतरराज्यीय बस टर्निमल बनाने का शुरू से ही विरोध हो रहा है। शहर के अंदर बसाहट क्षेत्र में बस स्टैण्ड बनाने का कोई तुक नहीं समझ आता। यहां बस स्टैण्ड बनाने के लिए कई एकड़ उपजाऊ खेत को पाट दिया गया। हद तो यहां तक हो गई है कि

बस स्टैण्ड शुरू होने के बाद से ही यहां असामाजिक तत्वों का पूरा जमघट लगता है। लेकिन इसे रोकने वाला कोई नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर उच्च स्तर तक बस स्टैण्ड में व्याप्त माहौल की शिकायत हो चुकी है। नागरिक बेहाल हैं और भय के वातावरण में यहां से आना-जाना कर रहे हैं। मगर जनप्रतिनिधियों ने अपनी आंखे मूंद ली हैं, इन्हें न तो आमजनों की तखलीफ दिखाई दे रही है और न ही इनकी पीड़ा। यहां आने वाले नागरिक दुर्व्यवहार, मारपीट का शिकार हो रहे हैं, लेकिन इनकी व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। चौंकाने वाली बात है कि यहां के बस संचालक और पार्किंग में बैठे लोग यात्रियों से मनमाने ढंग से वसूली करते हैं, मगर इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। प्रश्न उठता है कि आखिर इन्हें किसका संरक्षण है जो कलेक्टर तक का आदेश ये मानने के लिए तैयार नहीं है। बताया जाता है कि यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने की लगातार मिल रही शिकायत के बाद जिलाधीश ने सभी बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे किराया सूची चस्पा करें, मगर कलेक्टर के इस आदेश को भी नकार दिया गया है। भाटागांव बस स्टैंड में आवागमन करने वाले यात्रियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर, रायपुर नगर निगम कमिश्नर, रायपुर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ट्रेवल्स संचालकों की बैठक लेकर सुगम सुरक्षित आवागमन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं, मगर इनका पालन ही नहीं हो रहा है।

दो ट्रक चालकों ने किया हेराफेरी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ट्रक चालकों के खिलाफअमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। देवेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी महेश ककुमार पुरोहित 52 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि सरोरा स्थित कृष्णा आयरन कंपनी से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 11 बी 6792 के चालक ने 25 टन एमएस पाईप कीमती 15 लाख 36746 रुपए लोड कर बलरामपुर यूपी रवाना हुआ था, जो माल को गंतव्य तक न पहुंचाकर अमानत में ख्यानत किया। वहीं दूसरे मामले में महावीर नगर निवासी प्रार्थी मनीष पोपटानी 46 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि जेएमटी ट्रेडिंग कम्पनी उरला से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 11 बी 9075 के चालक ने एंगल, चैनल, प्लेट, पाईप कीमती 16 लाख 8767 रुपए लोड कर दरभंगा बिहार के लिए रवाना हुआ था, जो माल को गंतव्य तक न पहुचाकर अमानत में ख्यानत किया।

विधायक आशीष छाबड़ा ने दिखाया पौध वितरण वाहन को हरी झंडी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूरे छत्तीसगढ़ सहित जिलें को भी हरा-भरा करने की कवायद जारी हैं। विधायक आशीष छाबड़ा एवं कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने उप मंडल परिसर में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत पौध वितरण के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगों को स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती शकुंतला साहू, वनमंडलाधिकारी दुर्ग शशिकुमार, उप वनमंडलाधिकारी व्हीएच दुबे, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित वन विभाग अधिकारी-कर्मचारी प्रधान मौजूद थे। विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित करने के लिए वन विभाग ने 'पौधा तुंहर द्वार' योजना की शुरुआत की हैं। इसमें लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके घर तक निःशुल्क पौधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था हैं। वन विभाग ने चालू वर्ष में 'पौधा तुंहर द्वार' कार्यक्रम के तहत आज से पौध वितरण की शुरुआत की हैं। इसके तहत लोगों के दरवाजे तक फ्री में पौधा मुहैया कराया जाएगा। कलेक्टर पीएस एल्मा ने आम जन से अपने घर के आसपास सुरक्षित ज़मीन पर फलदार व छायादार पेड़ लगाने की अपील की, ताकि आसपास का पर्यावरण वातावरण स्वच्छ अच्छा रहें। वनमंडलाधिकारी शशिकुमार ने बताया कि ज़िले में पौधा तुहर दुआर 2023 योजना में आज 6 जुलाई से 5 अगस्त 2023 तक वाहन द्वारा प्रति शनिवार और रविवार को विभिन्न प्रजातिओं बांस, कटहल, महुआ, अर्जुन (कहुआ), जामुन, अमरूद, करंज, बहेड़ा, नीम, आंवला, कचनार, इमली, कुसुम, सीताफल व अन्य प्रजातियों के पौधे निःशुल्क प्रदान किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि 'पौधा तुंहर द्वार' कार्यक्रम के तहत पौधा पाँच माध्यम के ज़रिए निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पहला माध्यम हेल्पलाइन नंबर 0788-2327531, दूसरा क्यू आर कोर्ड स्कैन कर, तीसरा वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर फ्री में प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह चौथा जरिया अपने क्षेत्र की नर्सरी प्रभारी को कॉल कर ले सकते हैं। साजा-बेमतरा और धनगांव नर्सरी 7489-273551 हैं। निःशुल्क पौधा प्राप्त करने का पाँचवा और अंतिम जरिया पौधा वितरण वाहन द्वारा हैं। उन्होंने बताया कि जिलें में 50 हज़ार पौधा वितरण किया जाएगा। उन्होंने आमजन जिनके पास ख़ाली और पौधा लगाने की जमीन हैं उनसे लाभ उठाने की अपील की हैं। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि वृक्षारोपण कार्य को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 से मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना लागू की गई हैं। इसमें ज़िले के सभी नागरिक निजी भूमि की उपलब्धता के मुताबिक फायदा उठा सकते हैं। वहीं सभी ग्राम पंचायतों और संयुक्त वन प्रबंधन समितियां योजना का लाभ ले सकती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में वृक्षारोपण को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना हैं। साथ ही पर्यावरण में सुधार लाकर जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभावों को कम करना हैं।

सत्य के लिए संघर्ष में देश राहुल गांधी के साथ : कुलबीर

राजनांदगांव। राहुल गांधी के संघर्ष में साथ देने के उद्देश्य से शहर और जिला ग्रामीण कांग्रेस के द्वारा निकाली गई। समर्थन रैली में प्रमुख रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, श्रीकिशन खंडेलवाल, मन्ना यादव, हरिनारायण धकेता, पंकज बांधव, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश डाकलिया, मदन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, विकास त्रिपाठी, राजू खान, नासिर जिंदरान, अमित चंद्रवंशी, फिरोज अंसारी, राजीव कुरियाकोश, हनी ग्रेवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, महेश साहू, मनीष साहू, सिद्धार्थ डोंगरे, झम्मन लाल देवांगन, हेमू सोनी, प्रतिमा बंजारे, रूबी गरचा, डा. आफ्ताब आलम, रोशनी सिन्हा, मेहुल मारू, अशोक फडणवीस, मोहिनी सिन्हा, संगीता साहू, बबलू कसार, शकील रिजवी, आफ्ताब अहमद, गुरभेज सिंह मखीजा, आरबी मिश्रा, शरद खंडेलवाल, मुस्तफा जोया, नारायण सोनी, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

नेशनल हाइवे 43 में जल भराव रिहायशी इलाको में घुसा पानी

■ स्थानीय लोगों ने रेल्वे ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

बैकुण्ठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में शनिवार की रात से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से कटनी गुमला नेशनल हाइवे 43 पर जिला मुख्यालय के निकट बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के समीप मुख्य सड़क पर भारी जल जमाव हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन का मेन गेट कीचड़ में तब्दील हो चुका है। रेलवे यात्री भी हलाकन हो रहे हैं। रविवार की रात हुई बारिश में लगभग 500 मीटर सड़क पानी में डूब गई। साथ ही आसपास के इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुस गया।रविवार को बारिश जारी है जिससे स्थानीय जनों में हो रही समस्या को लेकर रेल्वे ठेकेदार को कोसते नजर आये। दरअसल बैकुंठपुर रोड़ रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन और सामने ही रेलवे आवास बनाने के लिए रेलवे ने नेशनल हाइवे किनारे लगभग 5 फिट मिट्टी पाट दी है।

साथ पुलिया के पास पानी निकासी के लिए बनी अस्थाई नाली व नाला भी मुरूम मिट्टी मुरूम भरने से जाम हो गया है। रेलवे प्रबंधन और ठेकेदार की अदूरदर्शिता और लापरवाही से हाइवे की सड़क नाले में तब्दील हो चुकी है और घरों में बारिश का पानी भर रहा है। वही किसानों का कहना है कि पानी के बहाव के साथ मिट्टी और मुरूम उनके खेतों में जमा हो रहा है। जिससे उन्हें खेती किसानी के काम में दिक्कत हो रही है। एक सप्ताह पूर्व भी भारी बारिश के कारण यही स्थिति बनी थी। जिसके बाद पूर्व केबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाई थी। जिसके बाद जेसीबी की मदद से अस्थाई नाली बना कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई। लेकिन कोई ठोस व्यवस्था नही होने से एक बार पुनः यही स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आवेदन

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अंतर्गत आटा चक्की, दाल मिल, मिनी राईस मिल, पोहा, सूजी, रवा, नमकीन मिठाई निर्माण, चिप्स, आचार, बड़ी, पापड़, मशाला उद्योग, गुड़ उद्योग, टूटी-फ्रूटी, जैम, जैली, मुरब्बा व दुग्ध आधारित उत्पाद इकाइयों की स्थापना करने के लिए पात्रतानुसार 35 प्रतिशत एवं अधिकतम 10 लाख रूपये तक का अनुदान उपलब्ध हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंकसूची, भूमि संबंधी दस्तावेज, बैंक पासबुक, बैंक स्टेटमेंट एवं फोटो सहित पीएमएफएमई के वेबसाइट में जाकर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं।

पुलिस ने 19 पौवा देशी शराब किया बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत 6 जुलाई को पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला क्षेत्र के ग्राम भिंभौरी दैहान के पास आमजगह में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। आरोपी मेघु पाटिल पिता परऊ पाटिल उम्र 40 साल साकिन भिंभौरी पुलिस चौकी कंडरका से कुल 19 पौवा देशी मसाला कीमती 2090 रूपये जब्त किया।

एनएसयूआई ने प्राचार्य से किया छात्रों की समस्याओं की शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल के अधीन संचालित हिंदी मीडियम स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की लगातार मिल रही शिकायतों पर एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अमन उजवने, ब्लॉक अध्यक्ष रमन साहू एवं उनकी टीम के द्वारा स्कूल के प्राचार्य से मुलाकात एवं स्कूल का निरीक्षण किया गया एवं प्राचार्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं को एडमिशन में हो रही परेशानी, क्लासों का नियमित लगना, कॉमर्स विषय में प्रवेश आरंभ करने आदि विषय पर बात की गई। प्राचार्य के द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी समस्याओं को तुरंत दूर किया जाएगा एवं किसी भी छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिसमें डाकेश्वर वर्मा, वैभव चौधरी, रूपेश मसीह, आकाश साहू, किशोर यादव, हिमांशु साहू, चंदन बांधे आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देश से चिकित्सा दल तैनात

कवर्धा/नवप्रदेश। पवित्र सावन माह का पदयात्रा 10 जुलाई से शुरू हो रहा है। कबीरधाम के पुरातत्व महत्व के प्राचीन मंदिर भोरमदेव बाबा में दूर-दराज से बड़े तदात में कावड़ियों का आगमन होता है। वही मध्यप्रदेश के अमरकंटक से भी जल लेकर यहां कावड़िया बड़ी संख्या में पदयात्री शामिल होते है। कावड़ियों की समुचित स्वास्थ्य सुविधा और उनके ठहरने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था भी बनाई जा रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा के विधायक श्री मोहम्मद अकबर के मंशानुरूप श्रावण मास में जलाभिषेक करने वाले कावड़ियों के लिये चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए स्वाथ्य विभाग द्वारा जिले के अलग अलग स्थलों पर ड्यूटी लगाई गई है। कावड़ियों के पदयात्री मार्गो को विशेष ध्यान में रखते हुए जिले के अलग-अलग स्थानों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हनुमत खोल, डोंगरिया जालेश्वर महादेव, कवर्धा स्थित बुढ़ामहादेव, भोरमदेव मंदिर समीप चिकित्सको की टीम तैनात रहेगी। इसके अतिरिक्त इस मार्ग में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों को स्वस्थ्य सुविधाओ के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने इस पूरे माह में मार्गो पर संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा टीम को तैनात रहने के निर्देश भी दिए है। साथ ही एसडीएम, जनपद पंचायत अधिकारियों को मार्ग में बने सामुदायिक भवनों में भी राहत शिविर के तौर पर व्यवस्था बनाने के लिए कहा है। सावन माह में कांवड़िये बोल बम का जयघोष करते हुए अमरकंटक से जंगल अथवा पहाड़ियों के रास्ते हनुमंत खोल होते हुए ग्राम पोलमी से कुकदूर ग्राम पहुँचते है।

खनिज विभाग ने किया अवैध रेत परिवहन करती चार हाइवा जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा खनिज के अवैध खनन और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छुरा और राजिम विकासखंड में रेत के अवैध परिवहन पर संयुक्त कार्यवाही की गई। जिला खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश ने बताया कि ठमकाडीह जिला धमतरी से रेत का अवैध परिवहन करते दो हाईवा और बिड़ौरा से रेत परिवहन कर रहे एक हाईवा को जप्त कर राजिम पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।इसी तरह कुटेना से खनिज रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक हाईवा को जप्त कर पांडुका पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इन पर छत्तीसगढ गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालो के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। श्री नागेश ने बताया कि इससे पूर्व सिंघोरी से पांच ट्रैक्टर, कुटेना से दो हाईवा, पितईबंद से तीन हाईवा, इस तरह 10 वाहनों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई थी।

बोल बम के लिए रवाना हुए शिव भक्त कांवरियों का दल

भाटापारा/नवप्रदेश। सावन मास में बाबा बैजनाथ धाम के लिए शनिवार को नगर का एक और जत्था रवाना हुआ। इन कावरियों को ट्रेन में बैठाने काफी संख्या में भगवान शिव के शिष्य स्टेशन परिसर में उपस्थित थे।

शनिवार को शिव कावरिया संघ भाटापारा बलोदाबाजार से जुड़े 24 सदस्यों का एक जत्था बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुए ।इस यात्रा में शामिल प्रदीप अग्रवाल ने बताया की सभी कावरिया सुलतान गंज से गंगा जी का जल लेकर लगभग 120 किमी की दूरी तय कर बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया की करोना कॉल को छोड़कर उनके सदस्य गण प्रति वर्ष बाबा को जलाभिषेक करने जाते है।शनिवार को ट्रेन से रवाना हुए इस जत्थे में मुकेश अग्रवाल शिवाकांत मिश्रा ,दीपक केशरवानी धनजी भाई जोशी रविन्द्र जैन आदि कावरिया है।

दो आपदाग्रस्त परिवार को 8 लाख का चेक वितरण

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज शनिवार को कबीरधाम प्रवास के दौरान 02 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 8 लाख रुपए का चेक वितरण किया। मंत्री श्री अकबर ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवारों के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते है। चेक वितरण करते समय मंत्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया।

मंत्री अकबर ने बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरिया के तोलम सिंह मेरावी के परिजनों से भेट कर आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए का चेक वितरण किया। उन्होंने ग्राम हरीनछपरा में श्रीमती संगीता भारती पति स्व. भाव सिंह को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए का चेक वितरण किया। चेक वितरण के दौरान श्री होरी साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि श्री मोहम्मद अकबर जब से विधायक और मंत्री बने है, तब से प्राकृतिक आपदा के सभी प्रकरणों पर तत्परात से कार्यवाही की जा रही और विपदाग्रस्त परिजनों, हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि शीघ्रता से मिल रही है। जितने भी प्रकरण हुए है उनके विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को कठनाईयों का सामना न करना पड़ें इसलिए वे खुद उनके घर पहुंचकर विपत्तिग्रस्त परिवार से भेंट मुलाकात कर उन्हे आर्थिक सहायता राशि की चेक प्रदान कर रहे है।

राजेंद्र तिवारी और देवेंद्र यादव ने बूथ कमेटी की ली बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा प्रभारी राजेंद्र तिवारी अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने बुथ चलो अभियान में कहा कि अगर लकड़ी का हत्था ना होता पेड़ न कटता कांग्रेश कभी हारती नहीं भाटापारा कांग्रेस का गढ़ है यहां कांग्रेस कभी हारती नही उसे कांग्रेस के विभीषण ही हराते है

शहर प्रभारी विधायक देवेंद्र यादव कहा आज अगर आपका विधायक होता तो आपको इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता इसलिए आपसी मतभेद भुलाकर केवल कांग्रेस को जिताने के लिए कार्य करें। प्रदेश प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने राजेन्द्र तिवारी एवं देवेंद्र यादव को प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेह कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया और सभी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। विधान सभा प्रभारी राजेन्द्र तिवारी (अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड) द्वारा बुथ क्रमांक 144, 151, 152 एवं 190, 189, 188 में बैठक ली,वही शहर प्रभारी देवेंद्र यादव विधायक भिलाई* द्वारा बुथ क्रमांक 146, 150, 180, 181 में बैठक आयोजित की । इसके अलावा अन्य बूथों में भी बैठक का आयोजन किया गया और सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जाने के निर्देश दिए गए राजेन्द्र तिवारी ने बुथ कमेटी के गठन और आवश्यकता के महत्व को बताया और लगातार बैठक आयोजित करने की बात कही। देवेंद्र यादव ने मतदाता सूची और अनुभाग में अच्छे से कार्य करने पर जोर दिया। सभी ने भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही। बैठक को मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, निगम सदस्य रोशन हबलानी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष इंद्र साव ने भी संबोधित किया।

नपं बेरला में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बेरला की सफ़ाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'विशेष स्वच्छता अभियान' लगातार चलाया जा रहा हैं। जिसके तारतम्य में आज सुबह 7 बजे से वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में स्थित मुख्य मार्ग तथा नाली की सफ़ाई तथा प्लॉगिंग की गई। साथ ही वार्ड का भ्रमण भी किया गया। वार्ड भ्रमण के दौरान मार्ग में निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट मलबा (सी एंड डी वेस्ट) दिखने पर नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा नाराज़गी जाहिर की गई तथा इसे तत्काल हटाने निर्देशित किया गया। शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनिष दुबे ने वार्ड में चल रहें कचरे का डोर टू डोर कलेक्शन का भी जायजा लिया गया। अंत मे मणिकंचन केंद्र कम्पोस्ट शेड तथा एफएसटीपी का निरीक्षण कर सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए। विशेष स्वच्छता अभियान को सप्ताह में 3 दिन आवश्यक रूप में कराए जाने कार्ययोजना तैयार किया गया हैं, जिस हेतु प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति कर जिम्मेदारी दिया गया हैं। उक्त अभियान के माध्यम से नागरिकों को अभियान में जोड़कर शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी भागीदारी निभाने अपील करने निर्देश दिया गया हैं। अभियान में नगर पंचायत बेरला के पार्षद प्रमोद, राजेश दुबे, श्रीमती लक्ष्मीलता वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, उप अभियंता मयंक राठौड़, ओमप्रकाश शाकार, विपुल चौबे ने भाग लिया।

सोमनी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला सोमनी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्पहार एवं पूजा-अर्चना द्वारा हुआ। सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को शाला गणवेश, पुस्तकें तथा जन कल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा कापी, पेंसिल, रबर, कटर और स्केल प्रदान की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी की प्राचार्य श्रीमती विथिका साहू ने बच्चों और पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि हर बच्चा स्कूल में प्रवेश लें एवं उसकी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हो। बच्चों को वे सभी सुविधाएं प्राप्त हो जिसका उसे अधिकार है, इसलिए मेरा सभी बच्चों से निवेदन है कि वह रोज स्कूल आए, अच्छा पढ़ें, पढ़कर अच्छा इंसान बने। सरपंच श्रीमती लता यादव ने प्रवेश उत्सव पर सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त व्याख्याता टीएल चंद्राकर ने जोर देकर कहा कि कोई बच्चा प्रवेश से वंचित ना हो साथ ही ड्राप आउट ना हो। शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् सदस्य एवं जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज का समय शिक्षा का है जो शिक्षित होगा वही आगे बढ़ेगा। इसलिए हमें इसका महत्व समझकर स्कूल प्रतिदिन आना है। शासन ने शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत सभी सुविधाएं प्रदान की है। शाला के प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक नरेश दूरुगकर ने स्कूल की गतिविधियों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ बताया कि मैं इसी उद्देश्य से यहां आया हूँ कि इस स्कूल को ऊँचे मुकाम तक पहुंचा सकूं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुधीर गजभिये ने किया। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीनू सिंह ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोमनी की प्रधानपाठक श्रीमती खुमेश्वरी शर्मा, प्राथमिक शाला खुटेरी के प्रधानपाठक घनश्याम साहू मौजूद रहे।

न्यूज़ गैलरी

टिकरापारा में भगवतगीता प्रवचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में श्रीमद्भगवतगीता पर प्रवचन चल रहा है। सोलहवां अध्याय देवासुर संपद विभाग योग है। इस अध्याय में परमात्मा ने दैवीय एवं आसुरी गुणों को स्पष्ट किया है। दीदी ने कहा कि विचार, इरादा, प्रार्थना सकारात्मक हो तो जीवन में सफलता निश्चित है क्योंकि पूरे कायनात की ऊर्जा उसे पूरा करने में सहयोगी रहती है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और पवित्रता से अर्जित धन ही परमात्मा स्वीकार करते है। परमात्मा कहते हैं सत्यता, ईमानदारी, धैर्यता के गुण मनुष्य को मेरे निकट लाते हैं और काम, क्रोध, लोभ नरक के द्वार हैं इनके वशीभूत मनुष्य मुझे पहचान नहीं पाते हैं और मेरा अनादर करते हैं। दीदी ने कहा कि हम सभी विकारों पर विजय प्राप्त करने युद्ध के मैदान में है। इसमे सलाहकार की भूमिका मुख्य होती है। पांडव कृष्ण की सलाह पर चलें और विजय प्राप्त की। वहीं कौरव शकुनि की सलाह पर चल पराजित हुए। मंजू दीदी ने कहा हमारे साथ परमात्मा है इसलिए हमारी विजय निश्चित है। यहां बाहुबल, अस्त्र शस्त्र से हिंसक युद्ध की बात नहीं है। श्रीमद्भगवतगीता मनोविज्ञान का शास्त्र है। दीदी ने सभी को आज से सत्यता की राह पर चलने और कभी झूठ न बोलने की शपथ दिलाई।

प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा पंजीकृत ट्रस्ट के द्वारा वर्ष 2022-23 में कसौंधन वैश्य समाज के जिन छात्र-छात्राएं 10वीं व 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं। इसके लिए 10 जुलाई तक आवेदन करना है। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया है कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज के अन्य प्रतिभावान युवक-युवतियों जैसे शिक्षा में गोल्ड मेडलिस्ट, इंजीनियरिंग, नीट में सलेक्शन, सीए, एमबीबीएस, पीएचडी उपाधि एवं अन्य कई प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बच्चों को प्राप्तांक पत्र की फोटोकॉपी व आधार कार्ड की फोटोकॉपी, जानकारियों के साथ उत्सव कार्ड कर्बला मोड़ में दोपहर 1 से शाम 5 के बीच कार्यालय में जमा कराना है।

बीजेपी महिला मोर्चा की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य टीना बैटिंक ने बुधवार को महिला मोर्चा की बैठक ली। जिला महिला मोर्चा के संगठनात्मक स्थिति का हाल जाना। अपने दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम में पहुंची बैटिंक ने बिलासपुर जिला में महत्वपूर्ण दायित्वों को पूरा कर रही भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों सदस्य से सीधा संवाद कर मोर्चा द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन व कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र में शराब बंदी की बात कही गई थी, परंतु सत्ता पाते ही सरकार अपने वादे से मुकर गई, वृद्धा पेंशन बेरोजगारी भत्ता पर अमल नहीं किया। रेडी टू ईट चलाकर 20 हजार महिलाओं से रोजगार छीन लिया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जयश्री चौकसे ने कार्यक्रम की जानकारी दी । बैठक का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री वंदना जेंड्रे ने किया व आभार जिला महामंत्री गायत्री साहू ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी लक्ष्मी बघेल, प्रवासी महिला संभागीय प्रभारी विभा राव, रुक्मणी कौशिक, सुधा गुप्ता, सुनीता मानिकपुरी, नुरीता कौशिक,सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

प्रेमी-प्रेमिका को साथ रहने की इजाजत

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने साथ रहने की जिद करते हुए प्रेमी जोड़े ने धरना दे दिया। रात आठ बजे प्रेमिका का बयान हुआ और सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रेमिका को प्रेमी के साथ रहने की इजाजत दी। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का 6 माह पुराना है। मुस्लिम युवक को अपने समुदाय की युवती से प्रेम हुआ। तब युवती नाबालिग थी। प्रेमी के अनुसार प्रेमिका के परिजनों ने उसके खिलाफ़ पॉक्सो का केस दर्ज करवाकर 13 दिनों के लिए जेल भिजवा दिया। जमानत पर बाहर आने के बाद उसने युवती के बालिग होने पर रायपुर में निकाह किया। प्रेमिका के परिजनों ने युवक के खिलाफ़ अपहरण का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों को सिटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। युवती ने बयान में शौहर के साथ जाने की बात कही।

क्लब अध्यक्ष बनीं डॉ. प्रकृति

बिलासपुर/नवप्रदेश। इनरव्हील क्लब ट्रांस अरपा का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुष्मित कौर ने नई अध्यक्ष डॉ. प्रकृति वर्मा को कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा। सचिव नीता माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष डॉ. अंतरा, आईएसओ रीमा गुप्ता, एडिटर रश्मि गुप्ता को बनाया गया। डॉ. रश्मि शर्मा का टॉक शो रखा। इसमें उन्होंने 40 प्लस वीमेन की इंटिमेट हेल्थ की जानकारी दीं। कार्यक्रम में विधायक की पत्नी ऋतु पांडे, ऋत्रा जायसवाल, दीपाली दुआ, डॉ. सुष्मित कौर, संयोगिता, सुदीप्ता, एकल्पना, अर्चना केडिया आदि मौजूद रहीं।

बैजनाथधाम रवाना हुए कांवरिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन मास में कांवरियों का दल बाबा बैजनाथ में जलाभिषेक करने जा रहे हैं। शुक्रवार को भोले भंडारी बोल बम कांवरिया दल रवाना हुआ। यह दल सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी का गंगाजल कांवरिया में लेकर पदयात्रा कर बाबा बैजनाथ में जलाभिषेक करेंगे। भोले भंडारी दल सन 1996 में इस यात्रा की शुरुआत की थी। शुक्रवार को राजेश शुक्ला, राजेंद्र भंडारी, संजय, पंकज तिवारी, दिनेश निर्मलकर, रंगनादम, कृष्ण मोहन पांडे, विजय ताम्रकार, दुर्गा सोनी, राजू ठाकुर, रितेश त्रिपाठी, जगदीश अग्रवाल, दीपक बुदेलिया, गोरे लाल देवांगन, हरीश राठौर, चंदू रमेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, सुशांत शुक्ला, मनीष सोनी, अनुभव सहित अन्य रवाना हुए।

टेऊंराम के पोस्टर का किया विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी समाज के संत युग पुरुष सतगुरु साईं टेऊंराम महाराज के जीवन चरित्र पर आधारित सिंधी फिल्म साईं टेऊंराम बनी है। इसके पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को झूलेलाल मंदिर के संत साईं लाल ने की। फिल्म साईं टेऊंराम का पहला शो 9 जुलाई 36-मॉल में लगेगा। टिकट बुक हो चुके हैं। धार्मिक फिल्म के स्थानीय वितरक मनोज मनसुखानी ने बताया कि सतगुरु के जीवन में घटी घटनाओं, उनकी लीलाओं, उपकारों का फिल्मांकन खास अंदाज में किया गया है। सतगुरु महान संत दरवेश थे, जिन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए। फिल्म के निर्माता निर्देशक गोपाल राघानी ने बताया कि सतगुरु ने सबसे बड़ी यह सीख दी है कि जीव हत्या घोर अपराध है। इस फिल्म का ऑल इंडिया प्रीमियर शो मराठा मंदिर सिनेमा जयपुर में हुआ।

बड़े भाई पर छोटे ने किया हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाई से झगड़ा हुआ तो पिता से मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंचे बे भाई की आरोपियों ने पिटाई की और एक ने उसपर टांगी से हमला कर दिया। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है। अचानकपुर निवासी अविनाश कुमार धमदे पिता दीपक कुमार पुराना बस स्टैंड स्थित कश्यप कॉलोनी के एक कपड़े की दुकान में सेल्समेन है। 6 जुलाई की रात 8 बजे उसके छोटे भाई आकाश धमदे व बबला पुरहोले का झगड़ा हुआ था। उसी बात पर 7 जुलाई की सुबह करीब 10.15 बजे बबला पुरहोले, सोम धमदे व जफर धमदे ने अविनाश के पिता दीपक कुमार से मारपीट की।

सब्जी के दाम घटेंगे, करना होगा इंतजार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बारिश की वजह से बढ़ी सब्जियों के दामों में अभी तक कुछ राहत नहीं मिली है। लेकिन कुछ सब्जियों के दाम 15 दिन के भीतर घट जाएंगे। वह इसलिए क्योंकि इनकी लोकल आवक शुरू हो जाएगी। लौकी, कद्दू, बरबट्टी, करेला, तरोई, खीरा, मिर्च जैसी लोकल सब्जियां बाड़ियों में लगाई जा चुकी है। 15 से 20 दिनों में ये मंडी में आनी शुरू हो जाएगी। सब्जी उत्पादकों के साथ ही थोक विक्रेताओं का कहना है कि लोकल आवक शुरू होने की वजह से सब्जियों के दाम में कमी होने की पूरी संभावना है। पर सस्ते टमाटर के लिए अभी लोगों को इंतजार करना होगा। अभी सब्जियों के दाम ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। हर घर का बजट बिग चुका है और एक किलो सब्जी खरीदने वाले लोग एक पाव खरीद रहे हैं। सब्जियों की आवक ही नहीं खपत भी घट गई है क्योंकि सब्जियों के दाम में बेतहाशा वृद्धि हुई है। टमाटर की थोक में कीमत 64 रुपए है। वही टमाटर बृहस्पति, बुधवारी और शनिचरी बाजार में 100 रुपए में बिक रहा है। कुछ तो अच्छी क्वालिटी बताकर 120 रुपए तक ले रहे हैं। टमाटर के बाद अब अन्य सब्जियों के दाम भी ब चुके हैं। जैसे थोक में बिकने वाला 50-50 रुपए का मुनगा 80 रुपए, 16 से 17 रुपए किलो वाला कटहल 40, 25 रुपए की लौकी 40 रुपए में खरीदना प रहा है। टमाटर से दाम बने की शुरुआत हुई और अब तो धनिया, मिर्च, अदरक तक के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। दाम इसलिए ज्यादा क्योंकि चिल्हर विक्रेताओं ने कमीशनखोरी बढ़ा दी है। वे हर सब्जी में पहले की तुलना में अधिक कमीशन ले रहे हैं। सब्जियों की अभी आवक कम है और डिमांड ज्यादा है लेकिन 15 से 20 दिनों में बिलासपुर जिले के साथ ही रायपुर और बेमेतरा इलाके से लौकी, कद्दू, बरबट्टी, करेला, तरोई, खीरा, मिर्च जैसी लोकल सब्जियां बाड़ी से निकलनी शुरू हो जाएगी और मंडी में बिकने पहुंचेगी। आवक अचानक बढ़ेगी और दाम घट जाएंगे। हालांकि टमाटर के दाम अक्टूबर से पहले बहुत कम होने के आसार नहीं हैं। उसकी वजह ये है कि अभी टमाटर बेंगलुरु से आ रहा है। छत्तीसगढ़ में धमधा से टमाटर आना शुरू होगा और यह अक्टूबर में आएगा।

इन दिनों रोज ही तिफरा सब्जी मंडी में 6 गाी टमाटर यानी 120 टन आ रहा है। पर इसकी सप्लाई पूरे बिलासपुर जिले के साथ ही गौरेला पेंड्रा मरवाही, कोरबा, चांपा, सक्ति, जांजगीर, नैला के साथ ही पूरे संभाग में होती है। अभी आवक कम है लेकिन दाम बहुत ज्यादा होने की वजह से डिमांड कम है। थोक में टमाटर 64 से 65 रुपए तक है जबकि इसी टमाटर को सब्जी मार्केट में विक्रेता 100 रुपए या उससे भी ज्यादा बेच रहे हैं। क्वालिटी से समझौता करने वाले ग्राहकों को जरूर यह 80 रुपए में मिल जा रहा है।

17 मॉडिफाई साइलेंसर वाले बुलेट चालकों पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को मॉडिफाई साइलेंसर वाले 17 बुलेट चालकों पर कार्रवाई की। डीएसपी संजय साहू के निर्देश ट्रैफिक पुलिस लगातार नो पार्किंग में खो गायिों को चालान कर रही है। इसी तरह मोडिफाई साइलेंस वाले बुलेट को भी रोका जा रहा है। नशे में गाी चलाने वाले,नाबालिग वाहन चालक,गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसी की में शुक्रवार को 93 वाहनों को ट्रैफिक पुलिस नि विभिन्न चौक चौराहों से चालान किया। इनके चालकों से 37 हजार 100 रुपए वसूल किए गए। इनमें 17 बुलेट पर मोडिफाई साइलेंसर लगा पाया गया। पुलिस ने नो पार्किंग में खी 30 गायिों पर कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने नाबालिगों के अभिभावकों को गाी नहीं देने की हिदायत दी है।

अटल यूनिवर्सिटी ने वेबसाइट पर अपलोड किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है कि प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी व कॉलेजों में एक ही सिलेबस चलेगा। केंद्रीय अध्ययन बोर्ड ने नया सिलेबस बनाया है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी यूनिवर्सिटी को नया सिलेबस दे दिया है। अब अटल यूनिवर्सिटी ने नया सिलेबस गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। साथ ही कॉलेजों को इस सत्र से इस सिलेबस से ही छात्रों को पाने कहा है। यूनिवर्सिटी ने कहा है कि ऑटोनॉमस कॉलेजों में स्नातक सेमेस्टर सिस्टम से चलेगा।

विधिक प्राधिकरण ने 231 छात्रों को बताई कानून की बारीकियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस गौतम भादुी के निर्देश पर 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का आयोजन किया गया।

इसमें सीयू, केआर लॉ कॉलेज, डीपी लॉ कॉलेज, हिदायतुल्लाह लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर व कई जिलों के कानून के पाई करने वाले 231 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें कानून से जुी बारीकियों के बारे में बताया गया और समापन समारोह में सभी को सर्टिफिकेट भी दिए गए। प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति लर्नर होता है। विधि के छात्र को कानून की बारीकियों को समझना चाहिए। वकील को ऑलराउंडर बनना पता है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के उप सचिव गिरीश मंडावी ने विधिक सेवा संस्थान की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सहायता अधिकारी शशांक शेखर दुबे ने छात्रों को प्राधिकरण का परिचय दिया गया।

हाथ में लगी रॉड आया था निकलवाने हो गई मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। इलाज से पहले ही एक युवक की ऑपरेशन थियेटर में मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया निवासी प्रवेश कुमार कौशिक का 2 साल पहले कानन पेंडारी के सामने एक्सीडेंट हो गया था। उसका मंगला चौक के पास स्थित बिलासपुर हॉस्पिटल में इलाज ऑपरेशन हुआ था। तब उसके हाथ में रॉड लगाया गया था। दो साल बाद गुरुवार को उसके परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर गोपेंद्र सिंह दीक्षित ने उन्हें रॉड निकालने की सलाह दी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कर दिया।

सोलह उपचारों से शिव की पूजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर स्थित श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर में जन कल्याण के लिए 5 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। तीन दिन में लगभग 35 हजार शिवलिंगों का निर्माण किया जा चुका है। गुरुवार की सुबह नमक चमक विधि से मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी व आचार्य गिरधारी पाण्डेय के आचार्यत्व में रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक से पहले में भगवान रत्नेश्वर शिवजी के स्फटिक शिवलिंग का षोडशोपचार पूजन किया गया। पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन करने से मनोकामनाएं होंगी पूरी- मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि सावन मास भगवान शिव को विशेष प्रिय है। इस माह में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन-अर्चन करने से भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों के सभी कष्ट हर लेते हैं और उनकी सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

सिंधी समाज ने किया सुखमनी साहिब चालिहा का सामूहिक पाठ

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी का अवतरण दिवस चैत्र माह में पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है किंतु प्राचीन सभ्यता के अनुसार वर्ष में एक बार चालिस दिवसीय अखंड ज्योत प्रज्वलित कर चालिहा महोत्सव भी अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इसी कड़ी में पूज्य सिंधी पंचायत कश्यप कॉलोनी स्थित सिंधुधाम गुरुद्वारा में महिला विंग द्वारा भगवान श्री झूलेलाल एवं सुखमनी साहिब का चालिहा महोत्सव 5 तारीख को अखंड ज्योत प्रज्वलित करके प्रारंभ किया गया।

पंचायत के अध्यक्ष जगदीश जज्ञासी ने बताया की महिला विंग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समय-समय पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा महिला विंग की अध्यक्ष रेशमा निहलानी एवं गुरुद्वारा प्रमुख सेवादारी भारती वाधवानी के अनुसार पूरे 40 दिन प्रतिदिन संध्या 4.00 बजे सुखमनी साहिब का सामूहिक रूप से पाठ किया जाएगा इसी क्रम में 7 तारीख को 51 श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक जपजी पाठ किया गया एवं दोपहर में भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसे बड़े श्रद्धा भाव से श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया.प्रारंभ हुए इस चालिहा महोत्सव के अवसर पर पंचायत के सोभराज कोटवानी, धनराज आहूजा, अमर लालवानी, रूपचंद चौधरी, रमेश मेघानी,कन्हैया आहूजा, महेश वाधवानी,अजीत थावरानी, राजकुमार मनसुखानी, हरदास असवानी, अशोक वरल्यानी महिला विंग की रजनी बजाज, बरखा भागवानी, नव्या वाधवानी,दिव्या चेलानी,मान्या मेघानी ,आशा वलेचा, रूपल चंदवानी, वर्षा वाधवानी एवं समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नवीन प्रवृत्तियों और शोध धाराओं का अध्ययन करें: डॉ. शुक्ला

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय बिलासा गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ जेपी वर्मा कॉलेज के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री शुक्ला रहीं। अध्यक्षता जीडीसी के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीएस ठाकुर ने किया। व्याख्यान का विषय हिंदी साहित्य की विकास यात्रा था। मुख्य वक्ता डॉ. शुक्ला ने कहा कि साहित्य का आरंभ अति प्राचीन है। साहित्य हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करती है। हिंदी साहित्य का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है और इसमें सरहपा, गोरख, कबीर, तुलसी, जायसी, मीरा, भारतेन्दु, द्विवेदी, निराला, पंत प्रसाद, अज्ञेय, मुक्तिबोध, नागार्जुन, राजेंद्र प्रसाद, प्रेमचंद, अमृता प्रीतम, राजेन्द्र यादव जैसी महान प्रतिभाओं से लेकर अभी आए नए लेखकों-कवियों तक बड़ी समृद्ध परंपरा है। हिंदी में विशाल शब्द भंडार और सांस्कृतिक समन्वय क्षमता है। छात्र-छात्राओं को हिंदी साहित्य के नवीन प्रवृत्तियों व शोध धाराओं का अध्ययन करना चाहिए।

फाइनल मैच जीतकर लिम्हा ने किया खिताब पर कब्जा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दगोरी के पास स्थित ग्राम अमेरी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन स्व. दुर्गेश नेताम की स्मृति में किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच लिम्हा और परसाही नाला के बीच खेला गया। मैच में लिम्हा ने जीत हासिल की और खिताब पर कब्जा किया। बता दें कि प्रतियोगिता में 60 टीमों ने हिस्सा लिया था। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। बता दें कि विजेता टीम को 8001 रुपए और शील्ड दिया गया। उपविजेता टीम को 5001 रुपए और शील्ड दिया गया। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 3001 रुपए और चौथे नंबर की टीम को 1501 रुपए इनाम दिया गया। साथ ही सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संघर्ष से ही सफलता मिलती है। हार और जीत एक सिक्के को दो पहलू है। हमें हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। विनोद दिवाकर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर दीपक सोनी, गिरधारी निर्मलकर, दशरथ सम्राट, गंगा निर्मलकर, मुन्ना कौशिक, दयाराम ध्रुव, मोहन सागर, मनहरण ध्रुव, रामाधीन कैवर्त, मोनु, सोमू यादव, राजू निषाद, बीरेंद्र कुमार, रामनारायण, कौशल, आर्यन मरावी, सोनू निर्मलकर, राहुल निषाद, सुखराम, महेंद्र, वासु मरकाम, शंकर निषाद, भीम, रामकुमार मौजूद रहे।

प्रदेश प्रभारी की नाराजगी के बाद नेताओं ने दिखाई सक्रियता

बिलासपुर/नवप्रदेश। 30 जून को बूथ चलो अभियान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम व अन्य मंत्रियों की नाराजगी के बाद अब बूथ को मजबूत करने का संकल्प जिले के कांग्रेस नेता ले रहे हैं। अब जब चुनाव को कुछ ही माह बचे हैं, नेता अचानक सक्रिय हो गए हैं और लेकिन उनकी सक्रियता के पीछे 30 जून को हुए बूथ चलो अभियान को बा कारण माना जा रहा है। उस दिन यदि आला नेता बूथ कमेटियों की कमियां न गिनाते तो आज नेता उतने सक्रिय भी नजर नहीं आते। नेताओं की नाराजगी के बाद कांग्रेस के नेता अचानक सक्रिय हो गए हैं। तब से बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। एक दिन पहले ही कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की बैठक हुई और अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में यह संकल्प लिया गया कि कांग्रेस के हर बूथ को मजबूत करना है। केशरवानी ने इसे दूसरे चरण का बूथ चलो अभियान बताते हुए कहा कि 5 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक बूथ में मतदाता सूची भी प्रभारी व पदाधिकारी अपने साथ रखेंगे। पोलिंग बूथों में जाते वक्त एक-एक मतदाताओं पर नजर रखनी होगी। पोलिंग बूथों के प्रवास के दौरान अनुभाग के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से सीधी बात भी करेंगे। अनुभाग की टीम किसी कारणवश गठित नहीं हो पाई है तो गठन की प्रक्रिया को भी पूरा करना होगा। अभियान के जरिए पोलिंग बूथ कमेटी और अनुभाग के पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी के अनुसार और भी जिम्मेदार बनाना और बूथों को अपने हिसाब से मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री ने जब शहर के बूथ कमेटियों के पदाधिकारियों से शासकीय योजनाओं के बारे में पूछा तो अधिकांश चुप थे तो कुछ दो से तीन योजना ही गिना सके थे। मुख्यमंत्री नाराज हुए थे और उन्होंने योजनाओं की जानकारी हर कांग्रेसी के पास होने की बात कही थी। अब नेता हर घर तक योजना की जानकारी पहुंचाने का दावा कर रहे हैं।

पुलिस ने एक करोड़ का ऑनलाइन सट्टा पकड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसीसीयू व सकरी पुलिस ने एक करो का ऑनलाइन सट्टा पका। मामले में एक को गिरफ्तार किया गया है। वह ओएसआर बुक एप के माध्यम से इसका संचालन कर रहा था। उसके कब्जे से 5200 रुपए, 2 मोबाइल बरामद किया गया। ऑनलाइन सट्टा खेलने में उपयोग किए गए 34 बैंक खातों के करीब 42 लाख रुपए सीज किए गए। पुलिस इस केस में ओएसआर बुक ऑनलाइन सट्टा एप संचालित करने वाले को भी आरोपी बनाएगी। ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर कार्रवाई करने एसीसीयू व सकरी पुलिस ने संयुक्त रूप से टीम बनाकर काम कर रही थी। इसी दौरान उसलापुर स्थित सर्वमंगला पेट्रोल पंप के बगल में पंचानन प्लाजा काम्प्लेक्स के मोबाइल दुकान में इंटरनेट से आनलाइन जुआ सट्टा खिलाने की सूचना मिली। टीम ने वहां जाकर दबिश दी और अमन अग्रवाल (30) धरमजयगढ़, रायगढ़, हाल मुकाम रामा लाइफ सिटी बी-20 सकरी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 5200 रुपए व 3 मोबाइल बरामद किया गया।

मुंगेलीवासियों को रेललाइन का इंतजार

छत्तीसगढ़ रेल्वे कार्पोरेशन ने कर लिया है 270 किलोमीटर का सर्वे

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिलेवासियों की वर्षो पुरानी मांग उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाइन की सौगात अब तक नहीं मिल पाई है। छत्तीसगढ़ रेल्वे कार्पोरेशन लिमिटेड ने 270 किलोमीटर रेल लाइन का सर्वे तो कर लिया। किन्तु जमीन का अधिग्रहण अब तक नहीं हो पाया है। रेल बजट में वर्ष 2016 में रेल लाइन निर्माण की घोषणा की गई।

रेलवे ने इस रेललाइन की घोषणा के साथ ही इस पर करीब 5950.47 करोड़ रुपए का बजट भी अनुमानित किया था। जिला अभी भी वास्तविक विकास से कोसों दूर है, जिले को मिलने वाली सौगात की आश बनते-बनते निराशा में बदल जाती है, अनेक घोषणाएं केवल कागजों पर सिमट जाती है, जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही, जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पाता है। जिले का हक नगरवासियों को देर सबेर मिल भी गया, परन्तु रेल व बायपास सड़क का सपना घोषणा के बाद अब तक पूरा नहीं हो पाया। ज्ञात हो कि जिले को अनेक सौगातें मिली, किन्तु सौगात मूर्तरुप लेती नहीं दिख रही है। जिले की वर्षो पुरानी मांग उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ नई रेल लाइन क्षेत्र के करोड़ों लोगों का जीवन बदल देगी। लेकिन विडंबना है कि घोषणा के 6 साल बाद भी इस पर काम शुरू तक नहीं हो सका। छत्तीसगढ़ रेलवे कॉपोरेशन लिमिटेड ने 270 किमी रेल लाइन का सर्वे वर्षों पहले पूरा कर लिया। लेकिन अब तक न तो जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ, न ही रेल लाइन बिछ सकी। इस रेल लाइन से दर्जनभर विधानसभा क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे, लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इसे लेकर सक्रियता नहीं दिखा रहे। उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाइन की मांग वर्षों पुरानी है। कई दशक पहले इसके लिए प्रयास हुए थे, लेकिन उदासीनता से यह ठंडे बस्ते में चली गई. बल्कि इसके लिए जो जमीनें चिन्हांकित की गई थीं, उस पर भी कब्जा हो गया। इसके पश्चात इस रेल लाइन के लिए फिर से कोशिश शुरू हुई। रेल बजट में वर्ष 2016 में रेल लाइन निर्माण की घोषणा की गई, इससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लोगों ने खुले दिल से इस घोषणा का स्वागत किया था। साथ ही उम्मीद जताई थी, कि अब जल्द ही उन्हें यह सौगात मिल सकेगी। रेलवे ने इस रेललाइन की घोषणा के साथ ही इस पर करीब 5950.47 करोड़ रुपए का बजट भी अनुमानित किया था। रेल मंत्रालय और राज्य शासन ने मिलकर इसके लिए छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड भी बनाया. लेकिन विडंबना है कि करीब 270 किमी रेल लाइन का सर्वे करने में ही 4 साल लग गए। सर्वे की रफ्तार इतनी धीमी रही, कि एक साल में महज 68 किमी का ही सर्वे हो सका, जमीन अधिग्रहण का कार्य भी सुस्त गति से चल रहा है। शासन ने वर्ष 2023 तक इस रूट पर ट्रेन चलवाने के दावे किए थे। लेकिन अब तक शिलान्यास के अलावा कुछ भी नहीं हो सका। यदि ऐसी ही गति रही, तो रेल लाइन का काम शुरू करने में अभी कई बरस और लग जाएंगे। तखतपुर, मुंगेली, लोरमी, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, छुईखदान, डॉडीलोहारा, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ सहित दर्जनभर विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यानी इन क्षेत्रों की जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा, इस लिहाज से यह राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद इसे शुरू करवाने में राजनीतिक इच्छा शक्ति का अभाव देखा जा रहा है।

फाइल फोटो

क्षेत्र के विकास के लिये लगातार प्रयास किये जाते रहे है। रेल लाईन के लिये एमयू कराया जा चुका है। राज्य शासन के द्वारा राज्यांश नही दिये जाने के कारण यह कार्य अधर में लटका है इस संबंध में समय-समय पर मुख्यमंत्री को ध्यान आकृष्ट कराया जाता है, प्रयास किया जा रहा है।
-पुन्नूलाल मोहले, विधायक

कांग्रेस सरकार जो कहती है वो करती है जबकि भाजपा सरकार केवल घोषणाएं करती है। वर्षो पुरानी इस मांग को पूरा कर लिया जाना था, किन्तु अब तक ध्यान नही दिया गया है जबकि सांसद और विधायक को इस पर ध्यान देना चाहिए।
-राकेश पात्रे, कांग्रेस कमेटी

राज्य सरकार के सहयोगात्मक रवैये नही होने के कारण क्षेत्र का यह प्रमुख मांग पूरा नही हो पा रहा है। इस बारे में प्रयास किया जाएगा और जल्द से जल्द विकास के लिये रेल लाइन के कार्य को प्रारंभ किया जाएगा।
-शैलेष पाठक, जिलाध्यक्ष भाजपा

जिले के विकास में कोई कोताही नही बरती जा रही है जिलेवासियों के प्रमुख मांगों को पूरा किया जाएगा। कुछ त्रुटियों के चलते कार्य प्रारंभ नही हो पाया है इसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। केन्द्र सरकार को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।
-सागर सिंह बैस, जि. कांग्रेस कमेटी

श्रेय लेने की होड़ के चलते वर्षो पुरानी मांग पूरी नही हो पा रही है। जिले के विकास के लिये पार्टी से उठकर कार्य होने चाहिए। क्षेत्र के समुचित विकास के लिये मुंगेली को रेलवे मार्ग से जुड़ना अतिआवश्यक है।
-नवरतन जैन, आम नागरिक

मुंगेली में रेल लाईन आने के बाद जहां क्षेत्र का विकास होगा वही रोजगार भी उपलब्ध होंगे। व्यापार भी बढ़ेगा। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्षेत्र के साथ भेदभाव करते हुए इसे पूर्ण नही किया जा रहा है। राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास की बात सभी लोगों को करनी चाहिए। ताकि क्षेत्र का विकास हो सके।
-दिनेश गोयल, आम नागरिक

क्षेत्र का विकास रुका

उसलापुर-मुगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ नई रेल लाइन शुरू होने से इससे जुड़े इलाकों का तेजी से विकास होगा। क्षेत्र के लोगों को सहुलियतें मिलेंगी, तो उद्योग, व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेगी।

रोजी-रोजगार भी बढ़ेगा। लेकिन सुस्त गति की वजह से विकास थम सा गया है। क्षेत्र के करोड़ों लोगों को इस रूट पर ट्रेनों के परिचालन का इंतजार है। इसी तरह जिले को दो बायपास सड़क की सौगात मिली थी जिनमें एक बिलासपुर व्हाया रायपुर रोड, नवागढ़ रोड से होते हुए पण्डरिया रोड पर निकलना था। उसे तैयार तो कर लिया गया है किन्तु दूसरे बायपास जो बिलासपुर रोड से होते हुए लोरमी रोड से पण्डरिया रोड में मिलना था। केन्द्र सरकार से मिली इस सौगात में अब तक जमीन का अधिग्रहण भी नही किया जा सका है। इस संबंध में जानकारी लेने पर सांसद अरूण साव ने फोन नहीं उठाया।

अव्यवस्थाओं के बीच शासकीय स्कूल में पढ़ने को मजबूर बच्चे!

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले सहित पूरे प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के तय शेड्यूल के अनुसार 26 जून से नए सत्र की पढ़ाई स्कूल खुलने के साथ ही शुरू हो चुकी है। राज्य में यही मानसून की आमद का भी समय है। ऐसे में शहर से अंचल तक कई स्कूल ऐसे है जहां जर्जर भवनों वाली छतों से टपकते पानी के बीच देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को जान हथेली पर लेकर कमरों के अभाव के कारण बैठना पढ़ रहा है । मामला एक प्राथमिक शाला है जहा इस वर्ष बच्चो की दर्ज संख्या करीब 50 हैं व दो कमरे है एक अतिरिक्त कमरा बना जो पानी टंकी लगने से टपक रहा व खिड़की दरवाजा जर्जर है वहीं दूसरा अतिरिक्त कमरा स्वीकृति हुआ किन्तु निर्माण एजेंसी द्वारा डोर लेबल के बाद कार्य ही नही कराया गया जिससे लगे खिड़की दरवाजे सड़ गये किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों ने इस और ध्यान नही दिया जिससे इस वर्ष भी स्कूल का मरम्मत नही हो सका खैर यह तो एक स्कूल का मामला है यदि सही जांच हो तो कई स्कूलों में यह देखने को मिल सकता है जिस कारण बच्चे अव्यवस्था के बीच शासकीय स्कूल में पढ़ने को मजबूर हैं ।

गौरतलब हैं कि कई सरकारी स्कूलों में समुचित सुविधाएं नहीं होने के कारण स्कूल सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं । वहीं, कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ । जिससे बच्चों से लेकर शिक्षकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । ऐसा ही एक मामला कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर के शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम पंचायत चिरगुड़ा में देखने को मिल रहा है, जहां छमता से ज्यादा बच्चे लिए गए हैं, लेकिन छात्रों के बैठने के लिए उचित भवन नहीं है। शिक्षकों के साथ छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। वहीं इस पूरे मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है । जिसके कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है । विद्यालय में सुविधाओं के अभाव के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।50 छात्रों वाले इस स्कूल में छात्र एडमिशन लेने आते हैं, लेकिन कमरों की कमी के कारण प्रबंधन उन्हें दाखिला तो दे रहा किन्तु बैठक व्यवस्था कम होने को लेकर चिंतित हैं । हर साल सत्र शुरू होने से पहले भवनों की समीक्षा होती है लेकिन दुरुस्त करने की कोशिश नहीं होती।

वर्षो से बनी हैं समस्याएं

कोरिया जिले में इस वर्ष 158 जर्जर स्कूलों की स्थिति में सुधार करने करीब पांच करोड़ के लगभग राशि भी स्वीकृति हुई किन्तु निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की लापरवाही से स्कूल खुलने की तिथि तक सभी स्कूल मरम्मत नही हो पाए आज भी जिले में करीब 70 स्कूलों के मरम्मत का कार्य पूर्ण होने का दावा तो किया जा रहा किन्तु शिक्षा विभाग के बेबसाइड में एक भी स्कूल पूर्ण नही बताया जा रहा जब कि जिले में अन्य स्कूलों की भी मरम्मत की जरूरत है किंतु अधिकारी के मॉनिटरिंग के अभाव में वे स्वीकृति नही हो सके जिससे सालों पुरानी समस्याओं के साथ अब 26 जून से शासकीय स्कूलों के पट खुल गये । छात्र-छात्राओं के नए क्लास में जाने के बाद भी वही पुरानी समस्याएं उनके लिए चुनौती बनी रहेंगी। शिक्षक व भवन की मांग करने छात्र-छात्राएं कलेक्टोरेट व अधिकारियों के दफ्तरों का चक्कर काटेंगे। शिक्षक व भवन की कमी बड़ी समस्या है। इसके बावजूद शासन स्कूलों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। स्कूलों की समस्याओं को लेकर ग्रामीण, पालक, छात्र-छात्राएं परेशान हैं। इसका खामियाजा परीक्षा के समय छात्रों को भुगतना पड़ता है।

कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : सीमा वर्मा

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राम गोपाल तिवारी वार्ड एवं सरदार पटेल वार्ड बूथ चलो अभियान के तहत बैठक रखी गई है। बैठक में मुंगेली जिला संगठन प्रभारी सीमा वर्मा, जिला अध्यक्ष सागर सिंह बैंस, एलडीएम प्रभारी पूनम पांडे, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू व शहर बूथ चलो अभियान पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, राकेश पात्रे, ग्रामीण एलडीएम समन्वयक श्याम जयसवाल के मार्गदर्शन में बैठक आहूत की गई। जिसमें मुंगेली प्रभारी सीमा वर्मा ने कहा कि मेरा बूथ मेरा अभिमान के तहत कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। जिसके लिए बूथ जोन सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक बूथ के प्रत्येक अनुभाग में 3 लोगो का चयन किया गया है। जिसमे युवा, महिला एवं वरिष्ठ कांग्रेसी सदस्य रहेंगे। इसी तर्ज में पार्टी द्वारा एक बूथ एजेंट की नियुक्ति जो आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं कोई जन-जन पहुंचाना है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, वार्ड पार्षद संजय सिंह, महामंत्री संजय यादव, ग्रामीण अध्यक्ष रामचंद्र साहू, पूर्व पार्षद प्रमिला चैरसिया, बूथ अध्यक्ष सुनील जायसवाल, कौशल सिंह क्षत्रिय, जैतराम खांडे, राजेंद्र मिश्रा अधिवक्ता, राजकुमार बेंताल, महामंत्री द्वय शिवम जायसवाल, वैभव ताम्रकार, किशोर बैरागी, नवनीत शुक्ला, याकूब अली, धीरज पांडे, उमेश तिवारी, बृजेश सिंह, सागर यादव, ललित जायसवाल, देवेश शर्मा, रमेश राजपूत, हर्ष यादव, देवेंद्र राजपूत आदि वार्ड के बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

जर्वे ब को मिला गुणवत्ता सर्टिफिकेशन प्रमाण पत्र

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्वे ब को स्वास्थ्य सुविधाओं में राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता सर्टिफ्केशन प्रमाण पत्र मिला। भारत सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम द्वारा 29 एवं 30 मई 2023 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जर्वे ब विकासखंड बलौदा में स्वास्थ्य केन्द्र के 06 विभागों में दी जा रही सुविधाओं तथा उनके रख रखाव की गुणवत्ता मानकों पर निरीक्षण किया गया था, जिसका परिणाम भारत सरकार द्वारा जारी किया गया। जिसमें 81.7 प्रतिशत अंको के साथ संस्था द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानको के अनुरूप घोषित किया गया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने इसके लिये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाये दी।

मध्यप्रदेश की 44.46 लीटर गोवा जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु आबकारी विभाग द्वारा छापेमार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त जीएस नुरूटी ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक विशेन चंद्रवंशी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना पर सरगांव थाना अंतर्गत ग्राम पिपरलोड के मुख्य चैक पर ग्राम बावली के आरोपी लोकेश बहोरन साहू के कब्जे से मध्यप्रदेश प्रांत की कुल 44.46 लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की मदिरा और परिवहन में प्रयुक्त हीरो होन्डा सीबीजेड मोटर साइकिल जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 की गैर जमानती प्रकरण कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार ग्राम भठली में आबकारी अधिकारी आशीष सिंह द्वारा राजाराम कश्यप और भगवानदीन कश्यप के मकान में दबिश देकर क्रमशः 4 लीटर एवं 3 लीटर महुआ शराब जब्त कर प्रकरण कायम किया गया तथा आबकारी उप निरीक्षक अमित शाह द्वारा लोरमी के ग्राम सारधा में आरोपी संजीव राजपूत को अवैध रूप से मदिरा विक्रय करते हुए 19 पाव देशी मदिरा प्लेन के साथ पकड़कर प्रकरण कायम किया गया। उपरोक्त कार्यवाहियों में आबकारी स्टाफ नारायण सिंह कंवर, लक्ष्मी खांडे, हरिचरण खुंटे, राजेश पटेल, जयेन्द्र नंदागौरी, शारदा प्रसाद मिश्रा तथा नगर सैनिक शंभू बर्मन, बिदिया राजपूत, मनीषा टंडन एवं वाहन चालक देवेन्द्र सिंह नेताम शामिल रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

लोकसभा चुनाव 2024 : बीजेपी ...

के चुनाव को लेकर गठबंधन करने को लेकर पार्टी नेताओं ने मुझे अधिकृत किया है।

ईडी की चार्जशीट के ...

करने की बात मानी थी। इस तरह ईडी ने वर्ष-2019 से 2023 के बीच कई तरीकों से कुल मिलाकर 2161 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है।

ईडी को दिए बयान के आधार पर आबकारी विभाग ने तीनों शराब निर्माताओं के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। उन्हें नोटिस जारी किया गया। उनसे पूछा गया कि उन्होंने असली होलोग्राम का इस्तेमाल नहीं किया है। अगर उन्होंने नकली होलोग्राम का इस्तेमाल किया है, तो आपसे वसूली क्यों नहीं की जाए।

सूत्रों के मुताबिक करीब दो दर्जन से आबकारी अफसरों को नोटिस जारी किया है। ये अफसर वर्ष-2012 से इन तीनों के डिस्टिलरियों के कारोबार की मॉनिटरिंग करते रहे हैं। इनसे भी जवाब मांगा गया। नोटिस के जवाब मिलने के बाद तीन शराब निर्माताओं, और आबकारी अफसरों के खिलाफआगे की कार्रवाई की जाएगी।

पीएम की जीरो टॉलरेंस....

खरीदी नहीं कर रही है। केंद्र चावल खरीदती है, धान नहीं खरीदती। रमन ने कहा कि कांग्रेस ने आरोप लगाया 2018 से 2022 तक का हम आंकड़ा पेश कर रहे हैं। केंद्र ने 80 प्रतिशत चावल खरीदा है। केंद्र धान नही खरीदती है। चावल केंद्र सरकार खरीदकर पैसा दे रही है। ये प्रमाणित हो रहा है. कांग्रेस भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रही है। रमन सिंह ने कहा कि ईडी जैसे प्रदेश में कार्रवाई कर रही है, इससे बड़ी कार्रवाई पूरे देश में नहीं हो सकती है। आईटी- ईडी ने पूरे प्रकरण में जांच किया। इसके बाद 13 हजार पन्नों का चार्जशीट पेश कर दिया है। अब न्यायालय आरोपियों को सजा सुनाएगी। पूरे प्रदेश का बच्चा-बच्चा जानता है शराब में कैसा घोटाला हो रहा है। इससे बड़ी डकैती कहीं नहीं हो सकती है।

आरआरटीएस ने हासिल...

अपनाने की एनसीआरटीसी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। नव-निर्मित सोलर पावर प्लांट की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 585 ɀख्ुश्र है. इसके लिए वर्कशॉप सहित डिपो की कई अन्य बिल्डिंग्स पर सौर पैनल इंस्टॉल किए गए हैं। सोलर पावर प्लांट का जीवनकाल 25 साल है. इस दौरान यह सोलर पावर प्लांट प्रति वर्ष लगभग 6,66,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा. इस प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 615 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है, जिससे इसके कुल जीवनकाल में कार्बन उत्सर्जन में लगभग 15,375 टन की उल्लेखनीय कमी आएगी।

दिल्ली में लागू होने वाला...

बाद गुजरात हाई कोर्ट ने मितेश ठक्कर को रिहा करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने पीएएसए अधिनियम के तहत उन्हें हिरासत में रखने पर रोक लगा दी थी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, राज्य ने हिरासत कानूनों के तहत 2018 और 2019 में क्रमशः 2315 और 3308 नागरिकों को हिरासत में लिया।

नई गाइडलाइंस की थी जारी

गुजरात हाई कोर्ट के निर्देशों पर बीते मई के महीने में गुजरात सरकार ने असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम के तहत हिरासत आदेश पारित करने को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की थी. इसमें संबंधित अधिकारियों से केवल एक अपराध पर उचित सत्यापन और आधार के बिना इस कानून को लागू नहीं करने के लिए कहा गया था।

इसके बाद 3 मई को गुजरात के गृह विभाग ने अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए थे जिसमें उन्हें तथ्यों के बारे में सतर्क रहने और यदि व्यक्ति की ओर से सार्वजनिक अव्यवस्था पैदा करने की संभावना नहीं है, तो पीएएसए लागू नहीं करने के लिए कहा गया था।

यूसीसी पर कुछ नही...

कोड बिल लाने के लिए भी आज़ादी के बाद 9 साल लगे और इसलिए लोगों को समझाने में समय लगता है।

समान नागरिक संहिता का मुस्लिमों के संगठन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी विरोध किया है। एआईएमपीएलबी ने यूसीसी को लेकर मुस्लिम धर्मगुरुओं के हवाले से एक बयान जारी किया है. इसमें सरकार से मांग की गई है कि वह इसे लाने का इरादा छोड़ दे। इसी के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों से आग्रह किया गया है कि विधि आयोग की ओर से मांगी गई राय पर अपनी प्रतिक्रिया जरूर दें और यह साफ कर दें कि यूसीसी कभी भी स्वीकार्य नहीं है.

यूसीसी के विरोध में

यूसीसी का सिखों की सबसे बड़ी संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने भी विरोध किया है। एसजीपीसी का कहना है कि इससे देश में अल्पसंख्यक समुदायों की विशिष्ट पहचान को नुकसान पहुंचेगा। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार (8 जुलाई) को हुई कार्यकारी समिति की बैठक में सदस्यों ने कहा कि देश में यूसीसी की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि संविधान ''विविधता में एकता के सिद्धांत'' को मान्यता देता है।

एमपी की पहली महिला ...

राज्य सरकार के साथ कलेक्टर के परिजनों को निराश नहीं किया और उनके पहल से एलेक्स पॉल मेनन की 3 मई को नक्सलियों की कैद से सुरक्षित रिहाई हुई। निर्मला बुच की जिम्मेदारी यहीं खत्म नहीं हो गई, उन्होंने इसके बाद नक्सलियों के साथ हुए समझौते के तहत राज्य के विभिन्न जेलों में नक्सलियों के नाम से बंद बंदियों के मामलों की समीक्षा करने के लिए गठित समिति में अहम भूमिका निभाई। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर राज्य सरकार ने जरूरी कदम उठाए थे।

चार हेक्टेयर में लगाए आम, नीम कटहल, अमरूद के पौधे

जांजगीर चांपा/ नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत नवागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत धुरकोट में महात्मा गांधी नरेगा, डीएमएफ के अभिसरण के साथ उद्यान एवं वन विभाग के मिले तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से वृक्षारोपण किया गया। धुरकोट ग्राम पंचायत के भर्री खार के 4 हेक्टेयर एरिया में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, अधिकारी, कर्मचारियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आम नीम, कटहल, अमरूद, नीबू, शीशम, सागौन आदि प्रजाति के पौधे रोपे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, समूह की महिलाओं ने कहा कि लगाए गए पौधे सभी के सहयोग से सुरक्षित रखेंगे। इनकी देखभाल होने से यह पौधे हमें आक्सीजन देंगे और पर्यावरण को बेहतर बनाये रखेंगे।

जनपद पंचायत नवागढ़ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, सरपंच सरवन किरण, तकनीकी सहायक अब्दुल कामिल सिद्दीकी, सचिव मालिकराम कश्यप, रोजगार सहायक श्रीमती मधु राजन, उद्यान विभाग से एस एस डी ओ टी. आर. दीवाकर, आर.एच.ई. ओ अजय सरोते के अलावा पंचगण एवं ग्रामीणों ने पौधे लगाए।

जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ अनिल कुमार ने बताया कि धुरकोट में लगाए गए पौधे में 60 फीसदी उन्नत किस्म के फलदार पौधे लगाए गए हैं । मनरेगा के साथ डीएमएफ से अभिसरण किया गया है। जिससे फेसिंग बोर और गार्ड रूम बनाया गया है और आगे चलकर जब पौधे विकसित हो जाएंगे तो इनकी देखरेख करने के लिए स्व सहायता समूह को दिया जाएगा। फलदार पौधे से होने वाले उत्पादन से समूह की आजीविका के साधन निर्मित होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पदाधिकारियों से चर्चा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति की बैठक छत्तीसगढ़ भवन टाउनशिप राजहरा में आयोजित की गयी। जिसमें समन्वय समिति के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजहरा आगमन के अवसर पर छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के पूर्व अध्यक्ष श्यायमलाल साहू के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की मांग की गयी थी। जिसे मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल स्वीकृति कर दिया गया था। जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम 4 जुलाई को महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनिला भेड़िया द्वारा भूमि पूजन किया गया। राशि स्वीकृति करने के लिए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन भूपेश बघेल को समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद व आभार

व्यक्त किए हैं। समिति द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु विस्तार करने के संबंध में भी पदाधिकारियों द्वारा चर्चा किया गया जिसमें महिला प्रकोष्ठ का गठन एवं युवाओं को भी जोड़कर युवा प्रकोष्ठ का भी गठन किया जाएगा।जिससे कि हमारे आने वाली पीढ़ी अपने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा से जुड़े रहे। जिसके लिए प्रत्येक समाज से कम से कम पांच महिला एवं युवाओं के नाम समाज प्रमुखों से निवेदन किया जाएगा। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी समिति के द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी पर्व व त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाने व छत्तीसगढ़ी परंपरा एवं संस्कृति को संजोए रखने हेतु वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया । छत्तीसगढ़ की परंपरा एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सुआ नृत्य राउत नाचा एवं फाग गीत प्रतियोगिता का एक वृहद आयोजन करने के संबंध में भी विचार पदाधिकारियों द्वारा किया गया।समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले व उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने वाले प्रतिभावान छात्रों का सम्मान करने का भी निर्णय लिया गया। घनश्याम पारकर पूर्व महासचिव एवं मुख्य सलाहकार छत्तीसगढ़ समन्वय समिति को आईओसी राजहरा में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी के पद पर पदोन्नति एवं पदभार ग्रहण करने पर समन्वय समिति द्वारा बधाई दिया गया।

बैठक का संचालन एवं आभार तोरण लाल साहू महासचिव छत्तीसगढ़ समन्वय समिति ने किया। बैठक में समिति के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी, संरक्षक श्याम लाल साहू, मुख्य सलाहकार घनश्याम पारकर, उपाध्यक्ष कोमल पटेल, राधेश्याम साहू, दान सिंह चंद्राकर ,आर एस पैकरा, गोरेलाल मिश्रा ,रमेश सिन्हा, महेंद्र भट्ट, भूपेंद्र दिल्लीवार, सोमित साहू, संतोष यादव, चेतन लाल साहू ,संत राम सेन, पूरनलाल भंडारी, गजेंद्र सिंह ठाकुर व समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

सायबर सेल व चंदनू पुलिस ने 90 पौवा शराब किया जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी कौशिल्या साहू, सायबर सेल नोडल अधिकारी एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत 6 जुलाई को थाना चंदनू क्षेत्र के ग्राम कटाई में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु अपने घर सामने परछी रूपी कोठा में शराब रखने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। आरोपी चौवन निषाद पिता दुकाली निषाद उम्र 52 साल साकिन कटई थाना चंदनू से 86 पौवा देशी मशाला शराब एवं 9 पौवा अंग्रेजी शराब, कुल जुमला 90 पौवा देशी मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती

10540 रूपये जप्त कर कार्यावाही किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक सुरेश कश्यप, सउनि राजेश ठाकुर, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा एवं प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, अजय बंजारे, आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पांडेय, राजेश ध्रुव एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

कांग्रेस के काले कारनामों को जान गई जनता : चंदेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। जिसमें बेमेतरा विधानसभा से लगभग 2000 कार्यकर्ता पूर्व विधायक व प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल के नेतृत्व में सभा में शामिल हुए। सभी कार्यकर्ता मोदी की सभा के बाद बहुत उत्साहित थे। श्री चंदेल ने कहा कि अब जनता कांग्रेस के काले कारनामों को जान गई हैं, इस बार छत्तीसगढ़ में कमल खिलने वाला हैं। उन्होंने रायपुर में आयोजित विजय संकल्प सभा के संबंध में बताया प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के निर्माण में भाजपा की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा ही राज्य के लोगों और उनकी जरूरतों को समझती है। उन्होंने कहा कि आज यहां 7000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और

लोकार्पण किया। वहीं कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पर्याय बताते हुए कहा कि वो अगर भ्रष्टाचार की गारंटी हैं, तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों को 1 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक दिए हैं। इस साल भी यहां के धान किसानों को 22 करोड़ रुपये से अधिक दिए गए हैं। ये भाजपा ही हैं जो किसानों की मेहनत को समझती है और उनके लिए काम कर रही है, जबकि कांग्रेस सिर्फऔर सिर्फ किसानों को धोखा दे रही है और उनसे झूठ बोल रही हैं। विजय संकल्प सभा के वापसी में सभा के बाद बेमेतरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के लिए सुखमयी पैलेस भिभौरी के पास भोजन व्यवस्था किया, वहाँ कार्यकर्ताओं के साथ अवधेश सिंह चन्देल व वरिष्ठ नेता भोज करते आगामी कार्यो की चर्चा किया गया।

सिहावा बेलरगांव ब्लॉक में बूथ चलो

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रायपुर संभाग में बूथ चलो अभियान के तहत सिहावा विधानसभा 56 के बेलरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विधान सभा प्रभारी संतराम नेताम उपाध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ एवं ब्लॉक प्रभारी विपिन साहू अध्यक्ष दुग्ध महासंघ रायपुर की उपस्थितियों में बूथ चलो अभियान मैनपुर, बिरगुडी , घुरावड , भूरसिडोंगरी , बेलरगांव , पांवद्वार एवम घटुला में संपन्न हुआ। जिसमे आदरणीय संतराम नेताम, विपिन साहू, कैलाशनाथ प्रजापति, मनोज साक्षी ,उमेश देव, ईश्वर पटेल, कविता पवार , एलएल ध्रुव, दऊआ लाल देवांगन, चमरू साहू ,अख्तर खान, बोरझरिया, कैलाश जैन, अयूब खान, भानुराम

शांडिल्य, बिंदा नेताम ,असकरण पटेल, बीरेंद्र यादव, राजू सोम, राजेंद्र ठाकुर ,वेदराम साहू, सुरेश कोर्राम ,शशि भूषण भारती, निर्मल पटेल, महेंद्र पांडे, मोती सेन, ईश्वरी सेन, श्यामा चरण नेताम, रमलू कुंजाम, अनिल साहू, बिदेराम नेताम, कुंभकरण नेताम, रूपेंद्र नेताम ,बंशी यादव, खिरबान पवार, विपिन भारती, चैन सिंह नेताम, गाड़ाराय मल्होत्रा, कुंजबिहारी कोर्राम, लोकेश मारकोले ,दुर्गेश कश्यप, रामेश्वर नेताम, वशिष्ठ बिसेन, कुमलेश कुंजाम ,रमलू कुंजाम, प्रेमांशु प्रजापति ,कोमल सोरी ,अरविंद यादव, विनोद ध्रुव, थामस साहू, गीतेश पटेल, दिलीप जैन, सरोज मंडावी, शिवराज मरकाम , हरिराम ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, टिकेश्वर मंडावी, लखन नेताम एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा बूथ समितियों से मुलाकात एवं बूथ कमेटी प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दिया गया।

स्वयं के रोजगार स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वयं के रोजगार स्थापना के इच्छुक युवाओं से आवेदन पत्र 20 जुलाई 2023 को स्वीकार किये जायगें। छग निवासी न्यूनतम कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण युवा इस योजना हेतु पात्र होगा। इस योजना में उद्योग स्थापना हेतु अधिकतम 25 लाख, सेवा कार्य हेतु अधिकतम 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु अधिकतम 2 लाख रुपये का ऋण बैंक के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता हैं। आवेदन हेतु जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय संबंधी शपथ पत्र, परियोजना प्रतिवेदन, अंकसूची, भूमि संबंधी दस्तावेज एवं फोटो सहित संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के कक्ष क्रमांक 83 में संचालित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बेमेतरा में आवेदन जमा कर सकते हैं।

श्रृंगी ऋषि विद्यालय में छात्र संघ का गठन

नगरी/नवप्रदेश। हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम में

छात्र संघ का गठन किया गया। छात्र संघ के शाला नायक रविशंकर साहू , माही तांडी को चुना गया एवं सभी कक्षाओं से कक्षा नायक , हाउस कप्तान का चयन किया गया। सभी छात्र संघ के छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य एस. के. प्रजापति एवं डी. सी. खत्री के द्वारा बधाई एवं अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक पालन करने एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग माध्यमिक विभाग अंग्रेजी माध्यम और हिंदी माध्यम के समस्त छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने छात्र संघ के समस्त चयनित छात्रों को बधाई दिए। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के माध्यमिक प्रधान पाठक एस.पी. चक्रधारी, चैतन कुमार डडसेना, मानसिंह साहू, देव कुमार साहू, प्रभात यादव, भारती शर्मा, तिलोत्तमा बाग, विद्या साहू , चैन चौधरी, चित्रलेखा,सोनाली, प्राथमिक प्रधान पाठिका निधि राठौर, रूखसार, चांदनी , मीनाक्षी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

बेमेतरा अंचल में कुपोषण की दर में आई गिरावट

■ **गत अप्रैल-मई माह में 1113 बच्चें कुपोषण से बाहर आये**

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनता की स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना सहित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सार्वभौम पीडीएस और मध्यान्ह भोजन योजना जैसी पांच योजनाएं 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुरू की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की पहल पर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को तक़रीबन पौने चार वर्ष पूरा हुआ। इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। बेमेतरा जिलें के पूरे क्षेत्र में कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से समाप्त करने कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा हैं। इस कार्यकम में जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं।

बेमेतरा जिलें में मुख्यमंत्री सुपोषण योजाना अन्तर्गत जिलें में चिन्हाकित हितग्राहियों जैसे (6 माह से 3 वर्ष के) कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं व एनीमिया पीड़ित कमजोर महिलाओं गर्म पका भोजन जिले में संचालित 1162 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा हैं। इनमें कुपोषित 3606 बच्चों को गर्म पोष्टिक खिचड़ी, 4691 गर्भवती महिलाओं एवं 15 से 49 वर्ष की 4037 एनीमिया पीड़ित

कमजोर महिलाओं को सप्ताह में 6 दिवस गर्म पका भोजन परोसा जा रहा हैं। जिलें में संचालित 1162 आंगनबाड़ी केन्द्रों के ज़रिए यह काम किया जा रहा हैं। नियमित रूप से निगरानी की जा रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। ज़िला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीडी पटेल ने बताया कि पिछले अप्रैल और मई माह में 1113 बच्चें कुपोषण से बाहर आये हैं। वही पूरक पोषण आहार से 6 माह आयु से 6 वर्ष आयु वर्ग के 60292 बच्चों, 6538 गर्भवती महिलाओं व 6582 शिशुवती माताओं को पोषण आहार से लाभान्वित किया जा रहा हैं। अभियान का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को कम करने एवं महिलाओं, किशोरी बालिकाओं में एनिमिया को कम करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया था। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में कुपोषण को कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जारी हैं। सभी पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण गर्म पौष्टिक भोजन सोमवार, बुधवार औऱ शुक्रवार को एवं रेडी टू ईट दिया जा रहा हैं।

बाबामोहतरा में लगाया जनचौपाल व समाधान

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा जनचौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत 6 जुलाई को अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा व थाना स्टाफ के द्वारा थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बाबामोहतरा में जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगो को जागरूक किया गया। अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा

ग्रामवासियों को कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के फोन कॉल पर विश्वास न करने, किसी भी अंजान लिंक अथवा बारकोड को स्कैन न करने, किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपना बैंक से संबंधित कार्ड डिटैल, ओटीपी, पिन, पासवर्ड न बताने एवं अन्य साइबर क्राइम से बचने और यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई तथा समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। किसी भी तरह की संदेह होने पर तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें। साथ ही कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए ही हैं और आप पुलिस को अपना मित्र ही समझे, आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता हैं। समाधान शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनता के द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण करना हैं तथा नशा मुक्ति अभियान चलाकर आमजन को नशे का परित्याग कर अपने परिवार समाज और देश की उन्नति में सहयोग प्रदान करने तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवपदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय संकल्प महारैली

कार्यक्रम में सम्मिलित होने रायपुर पहुचे केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने विशेष मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री गडकरी से भाटापारा विधानसभा में चल रही प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में विधायक शिवरतन शर्मा ने विस्तार से सकारात्मक चर्चा की।

प्राथमिक शाला पदमी में मनाया गया प्रवेशोत्सव

साजा/नवप्रदेश। ब्लाक साजा के शा. प्राथमिक शाला पदमी में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्कूल ड्रेस देकर सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, विशिष्ट अतिथि बंशी पटेल कांग्रेस, अध्यक्षता सुनिती अजय पटेल जनपद सदस्य साजा, बीईओ निलेश चंद्रवंशी, स्वपनिल पटेल प्रधान पाठक, भूषण? लाल देवांगन संकुल समन्वयक, मोहन दास भारती पदुमसरा? प्राचार्य, संकुल प्रभारी दुखित राम राव, सहायक शिक्षकगण महावीर कुर्रे, छत्रपाल बघेल, अधिवक्ता मणिशंकर दिवाकर बेमेतरा, पालकों व नौनिहाल प्रवेशी बच्चों के साथ उक्त कार्यक्रम सफल किया गया।

उक्त कार्यक्रम में सफल संचालन बिसेन सिंह राजदंपूत व रामेश्वर अनंत सरपंच ग्राम पंचायत पदमीपदमी द्वारा आभार व्यक्त ने किया गया। यह जानकारी अधिवक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मणिशंकर दिवाकर द्वारा दिया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय फरसियां में प्रवेशोत्सव

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय फरसियां में शाला प्रवेशोत्सव 2023--24 के सुअवसर पर प्रथम नागरिक मीना शाण्डिल्य की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।जिसकी अध्यक्षता कर रहे थे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर पटेल विशेष अतिथि में श्री कोमल सिंह चिण्डा ग्राम पटेल सरोज साहू विधायक प्रतिनिधि, संकुल प्राचार्य नीरज सोन, शिव दयाल साहू उप सरपंच, कृष्ण कुमार साहू,पालक रितेश पारख, चमन निर्मलकर पूर्व एस एम सी अध्यक्ष,पालक हीरा शंकर यादव, नील कमल दीवान, तथा अन्य पालक गण,पालक माताएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष साहू सरला सोम, प्रमिला श्रीमाली, रागनी मरकाम,उजय चनाप का सहयोग रहा संचालन शेष कुमार सोम ने किया।

कन्या छात्रावास में सीट बढ़ाने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के पोस्ट मैट्रिक अनूसूचित जाति कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने के लिए सैकड़ों बच्चे भटक रहे है चूंकि इस छात्रावास में मात्र 50 सीट है जो कि जिला के अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या अनुरूप बहुत ही कम है। एक ओर अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास में सीट बढ़ाया गया है जो प्रशंसनीय योग्य है लेकिन अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में सीट में किसी भी तरह की बढोत्तरी नही किया गया है। जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि जिला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत अभियान चलाया जा रहा हैं और जिला मुख्यालय के एक वार्ड का नामकरण भी बेटियों के नाम होने वाला है। यह अभियान तभी सार्थक

होगा जब जिला के बेटियों को पढ़ाई के लिए भटकना न पड़े ,जिला शासन प्रशासन सिर्फ नारा ,वार्ड का नाम तक सीमित न रहे ,दिखावा न करे बल्कि बेटियां अधिक से अधिक संख्या में उच्च शिक्षा तक कैसे पहुँचे उसके लिये योजना बनाना चाहिए। जोगी कांग्रेस के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश पात्रे ने कहा कि कांग्रेस की सरकार हमारे समाज को वोट बैंक समझती है ये इस सोच में न रहे कि हमारे समाज हमेशा की तरह इन्हें वोट देगी ,कांग्रेस की सरकार आने के बाद भी हमारे समाज के बेटियों के लिए हॉस्टल में रहने के लिए पर्याप्त सीट नही है जो कि हमारे समाज के साथ अन्याय है ,इस अन्याय को बर्दाश्त नही करेंगे अगर बेटियों के भविष्य को देखते हुए शीघ्र से शीघ्र सीट नही बढ़ाया गया तो आने वाले दिनों में जोगी कांग्रेस कबीरधाम द्वारा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दरमियान रवि चन्द्रवंशी ,अश्वनी यदु ,केवल चंद्रवंशी, दलीचंद ओगरे, टिंकू जैन, आफ्ताब राजा, हीरो जांगड़े, रंजीत वर्मा, ईश्वरी साहू, रूपेश यादव, रामकिंकर वर्मा, राहुल चंद्रवंशी, चेतन वर्मा, दिनेश झरिया, अनिल निर्लमकर, जीवनलाल, निलधर मणि, जलेश्वर, ईश्वर डहरिया, सजनु मेरावी, ऋषि, डिकेश्वर पटेल, जित्तू, संजू, रामेश्वर, जलेश्वर खूंटे, मंतराम, मनीराम, ललित बर्मन, विजय इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला किसान कांग्रेस में हुई विस अध्यक्षों की नियुक्ति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला किसान कांग्रेस ने सभी विधानसभा में विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति की है। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल खैरा, छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं महासचिव कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के मंशानुरूप कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष पदम कोठारी व किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मदन साहू की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राम विलास साहू ने उक्त नियुक्ति की है। इसके तहत ग्राम अंजोरा निवासी जनपद सदस्य तुलदास साहू को राजनांदगांव विधानसभा, ग्राम नागतराई निवासी पूर्व जनपद अध्यक्ष

गोविंद टंडन को डोंगरगढ़ विधानसभा, ग्राम बिल्हरी निवासी पूर्व जनपद सदस्य होमदत्त वर्मा को डोंगरगांव विधानसभा और कल्लूबंजारी निवासी जयपाल यादव को खुज्जी विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी अध्यक्ष किसानों की मजबूती, योजनाओं के लाभ सहित समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र में कार्य करेंगे।

शासकीय जीएनए महाविद्यालय में प्रवेश

भाटापारा/नवप्रदेश। 2023 - 24 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनोद शर्मा ने नवप्रवेशित छात्र - छात्राओं का महाविद्यालय प्रांगण में स्वागत करने के पश्चात कहा कि वर्तमान में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के कारण लगभग सभी तरह के शासकीय- अशासकीय कार्य डिजिटल हो रहे हैं।

हमने भी इस बदलाव को महाविद्यालय की कार्य प्रणाली में लागू करते हुए डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को अपनाया है और इस वर्ष से एडमिशन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन कर दी है। चूंकि यह प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः नई है, अतः महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से सावधानी की अपेक्षा करते हुए

कुछ दिशा-निर्देश जारी किये है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने के इच्छुक - विशेषकर प्रथम वर्ष के- विद्यार्थियों के लिए जरूरी है कि वे महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई एडमिशन प्रक्रिया की नोटिस को ध्यान से पढ़े और उसका पालन करें।

जैसे- महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु पं. रविशंकर शुक्ल वि. वि. के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। अजा./ अजजा. और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति हेतु छ.ग. शासन की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन करना होता है।

प्राचार्या ने विद्यार्थियों से अपील की है कि महाविद्यालय में एडमिशन, छात्रवृत्ति अथवा किसी भी तरह के कार्य हेतु महाविद्यालय के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर संपर्क करें एवं अधिकृत शासकीय सेवक द्वारा बताये प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करें।

पार्षद की पहल से लोगों को मिल रहा पेयजल

- **अत्याधुनिक सिस्टम से हो रहा वार्ड में पानी सप्लाई**
- **युवा पार्षद की टीम के इंजीनियरों ने इजाद की तकनीक**

कांकेर/नवप्रदेश। कहते है ना कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो लोग अपनी हर मंजिल तय कर लेते है। लेकिन जनता को सुविधा देने में हर कोई आज पिछड़ जाता है। जनता की सेवा की सोच लेकर चुनाव राजनीति के मैदान में उतरकर कांकेर पालिका के 21वार्डो में विकास की तेज़ गति सेवा की मिशाल कायम करने वाले देवभूमि के पार्षद आनंद चौरसिया है। इन्होंने वार्ड के विकास की वो गाथा लिख दी, जो अभी तक किसी वार्ड ने नहीं किया है। नगरपालिका कांकेर के अंतर्गत आने वाले देवभूमि के नाम से मशहूर राजापारा वार्ड के युवा पार्षद आनंद चौरसिया ने अत्याधुनिक तकनीक से पालिका के 21वार्डो में सबसे अलग पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।वर्तमान समय में नए नए टेक्नोलॉजी का विस्तार हो चुका है।इस समय राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया ने

अपने वार्ड के लोगो को पानी की समस्या को दूर करने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की नई कवायद शुरू किया है।

अत्याधुनिक तकनीक कारगर

बता दें कि कांकेर पालिका के कुल 21 वार्ड शामिल हैं। देवभूमि के नाम से मशहूर राजापारा वार्ड में नई तकनीक से पानी लोगो के घरों तक पहुंच रहा है। पानी शुरू होने से पहले सायरन बजता है।एक तरफ पानी करीब एक घंटे दिया जाता है। जब दूसरी ओर पानी छोड़ने के समय किसी अन्य व्यक्ति को वाल्व चेंज करने की जरूरत नहीं होती है वो आटोमेटिक वाल्व घूम कर दूसरी ओर पानी शुरू हो जाता है।सभी वार्डवासी इस अत्याधुनिक तकनीक से मिल रहे पानी की समस्या से निजात दिलाने वाले पार्षद की अनोखी पहल का स्वागत करते वार्ड की जनता जनार्दन ने पार्षद आनंद चौरसिया को नंबर वन बता रहें है।

पार्षद ने तकनीक का बताया तरीका

राजापारा वार्ड पार्षद आनंद चौरसिया ने बताया की वार्ड के युवा इंजिनियर प्रवीण कुमार देहारी(शनि) ने पानी व पाइप लाइन सिस्टम तैयार कर मुझे नई तकनीक के प्रयोग का जिक्र किया। जिसके बाद मैंने हामी भरी। विगत तीन सालों से जिस। राजापारा में हमेशा पानी की किल्लत होती थी आज वहां 95% लोगो को भरपूर पानी मिल रहा है इतना ही नहीं युवा इंजिनियर के नई तकनीक से पानी सप्लाई के लिए पालिका के किसी भी व्यक्ति की जरूरत नही होती।ही। आटोमेटिक पानी सप्लाई किया जा रहा है पानी सप्लाई के दौरान पानी का वाल्व घूम जाता है जिससे जहा पानी की ज़रूरत है वहां पानी पहुंच रहा है।

पानी समस्या खत्म

राजापारा वार्ड के पार्षद आनंद चौरसिया की दूरगामी सोच का ही परिणाम है की राजापारा वार्ड में आय जाति निवास राशन कार्ड सहित सरकारी काम के लिए वार्ड में ही घर बैठे सुविधा उपलब्ध कराई गई है।अब पानी की सालो से किल्लत को देखते युवा टीम से मिलकर राजापारा के अंतिम छोर तक अत्याधुनिक तकनीक से पानी की सप्लाई किया जा रहा है। जबकि गढ़िया पहाड़ के करीब रहने वालो को हमेशा पानी की किल्लत होती थी। लेकिन आनंद चौरसिया के प्रयास से वहां तक पानी लोगो को मिल रहा है।वार्ड में प्रति एक घंटा सुबह और शाम को पानी सप्लाई किया जा रहा है।

आइए जानते है ......

नल खुलने की प्रक्रिया समझे

वार्ड के युवा पार्षद आनंद चौरसिया व युवा इंजिनियर प्रवीण कुमार देहारी (शनि) ने बताया कि पहला नल खुलने से पहले सभी नल कनेक्शन धारियों को ऑटोमेटिक अपने टाइम में साईरान बजकर अलर्ट करता है दूसरा जिस दिशा में पानी को जाना रहता है उस दिशा की वॉल ऑटोमेटिक अपने टाइम में घूम कर खुल जाती है तीसरा चरण मे 5 एचपी का पंप ऑटोमेटिक अपने फिक्स टाइमिंग में चालू हो जाता है और अपने दिशा की ओर के सभी नल कनेक्शन धारियों को पानी देना चालू कर देता है। चौथा इसे लगाने के बाद मोटर कभी नहीं जलेगा किसी भी कर्मचारी की जरूरत नहीं पड़ेगी पानी व्यर्थ नहीं बहेगा अक्सर बारिश के समय स्टार्टर को बंद चालू करने के समय कर्मचारियों को डर भय लगा रहता है की कही करंट ना लग जाए इसलिए किसी की कोई जरूरत नहीं होगी यह मशीन काफ़ी पावरफुल और जबरदस्त है इसके लगाने के बाद किसी भी कर्मचारी की जरूरत नहीं पड़ेगी और आगे भविष्य में फ्यूचर माना जा रहा हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए योग की प्रशिक्षण ले रहे हेल्थवेलनेस वर्कर

कोंडागांव/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग और यूनिसेफ का पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में जिले के 45 हेल्थवेलनेस सेंटरो में से चल रहे गर्भवती महिलाओ के लिए योग कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर के द्वारा योग भवन रायपुर में 7 से 13 जुलाई तक योग के प्रचार प्रसार एवम आरोग्य जीवन शैली को प्रेरित करने के उद्देश्य से सात दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण में जिला नोडल शिवचरण साहू कु माधुरी नाग कु नीलम नेगी के साथ जिले के 43 योग मित्र और पांचों विकास खंड से तीन तीन अशासकीय और शासकीय कर्मचारी सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है! इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण के जिला नोडल शिवचरण साहू ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के 45 हेल्थवेलनेस सेंटरो में गर्भवती महिलाओ के लिए योग कार्यक्रम किया जा रहा है जिसका बेहतर परिणाम आने वाले समय में जिले के जनता और समाज को मिलेगा।

टेंडर में बड़ा खेला,पूर्व कार्यों का पुनः टेंडर

सुकमा/नवप्रदेश। जन कल्याण पर मिले शासन की राशियों का दुरुपयोग कर स्वयं का उद्धार कैसे किया जाए, इसका सबसे बेहतर उदाहरण नगर पंचायत दोरनापाल हैं। दोरनापाल नगर पंचायत ने नगर प्रशासन और उनके चहेते ठेकेदारों ने निर्माण कार्य के नाम पर एक बार फिर सुनियोजित ढंग से आपसी जुगलबंदी के साथ करोड़ों के विकास कार्यों के लिए शासन से आबंटित राशियों को किनारे लगा दिया। मामला कुछ ऐसा है कि नगर पंचायत दोरनापाल में अगस्त 2022 में 3 करोड़ के करीब की लागत का सीसी सड़क और आरसीसी नाली के 25 निर्माण कार्यों का गुप्त टेंडर निकाला गया। जिसमें से आधे से अधिक निर्माण कार्यों को नगर पंचायत अपने चहेते ठेकेदारों से आजतक पूर्ण कराने में असमर्थ रहा हैं।

गुप्त टेंडर मामले में जांच की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

निष्पक्ष जांच की राजनीतिक दल कर रहे मांग

मामले की जांच के बाद होगी कार्यवाही

वित्तीय अनियमितताएं

नगर पंचायत दोरनापाल में गुप्त टेंडर मामले में की गई करस्तनी में मजे की बात तो ये हैं की, मार्च/अप्रैल 2023 को नगर पंचायत दोरनापाल ने 204.68 लाख की लागत का पूर्व में जारी टेंडर के निर्माण कार्यों का मोटी कमीशन अदा करने वाले ठेकेदारों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित कर पुनः गुप्त टेंडर प्रक्रिया कर दिया गया। दस्तावेजों के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि इससे पहले नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड क्रमांक 02 में किंकर मल्लिक के घर से शिव मंदिर तक 6 लाख 48 हजार रूपए की लागत से 150 मीटर का सीसी सड़क निर्माण का टेंडर प्रक्रिया कर निर्माण कार्य कराया गया। फिर चंद महीनों में नगर प्रशासन ने अपने चहेंते ठेकेदारों को विशेष लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नपा द्वारा वार्ड क्रमांक 02 में ठीक उसी जगह पर 12.95 की दुगनी लागत से शिव मंदिर से महिला बाल विकास कार्यालय तक के सीसी सड़क निर्माण के कार्य का नाम बदलकर पुनः टेंडर जारी किया गया,जबकि पूर्व के कार्य को ठेकेदार द्वारा आजपर्यंत तक पूर्ण नहीं किया गया हैं। बावजूद इसके नगर प्रशासन द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों को लेकर ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के बजाय कमीशन की मोटी कमाई की लालसा में आधे अधूरे निर्माण कार्यों का वित्तीय अनियमितता करते हुए एक ही कार्य का दुबारा टेंडर कर शासन की राशि का पूर्ण रूप से दुर्पयोग किया गया।

शिकायत पर कलेक्टर ने नहीं की कार्यवाही

बता दे की नगर पंचायत में निर्माण कार्यों के नाम पर टेंडर प्रक्रिया के बड़े पैमाने में हो रहे खेला को लेकर जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों ने इससे पहले हुए मामले में कलेक्टर सुकमा को लिखित शिकायत कर जांच कर कार्यवाही की मांग की गई। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा मामले में लचीले रैवैये अपनाए रखा। जिससे प्रशासनिक कसावट और कार्यवाही के अभाव ने नपा दोरनापाल के जिम्मेदारों को जिला प्रशासन ने अब और भी शय दे दिया है।

प्राथमिक शाला कमेला में शाला प्रवेशोत्सव, निकाली स्वच्छता रैली

कोंडागांव/नवप्रदेश। राज्य शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर कोंडागांव दीपक सोनी निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के मार्गदर्शन में विकासखंड/जिला मुख्यालय कोंडागांव से महज 22 किलोमीटर दूर बसे ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत कमेला के प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव 2023-24 का आयोजन हुआ, जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष कौशिक चंद्र पांडे, विशेष अतिथि होरीलाल चंद्रवंशी संकुल प्रभारी प्राचार्य, कांतिलाल पांडे उपस्थित थे,उपस्थित

समस्त अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,पूजा अर्चना के पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ तिलक चंदन से स्वागत किया गया, अतिथि स्वागत के पश्चात अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा राजगीत व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा नवप्रवेशी समस्त छात्र-छात्राओं को तिलक वंदन कर माला पहनाकर स्वागत करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को राज्य शासन की योजना से प्राप्त गणवेश एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया तथा संस्था के प्रधान अध्यापक द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के लिए पहाड़ा,स्लेट,पेंसिल-रबर,कॉपी भी प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष,संकुल प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समस्त छात्र-छात्राओं को नियमित उपस्थिति और स्वच्छता बनाए रखने और गतवर्ष की तरह प्राथमिक शाला कमेला का नाम रोशन करने की बात करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को ढेरों बधाई दी तथा प्राथमिक शाला कमेला का नाम रोशन करने की बात कही गई, तथा इसी कड़ी में बैगलेसडे पर छात्र-छात्राओं,शिक्षक,कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता,शाला प्रवेश उत्सव रैली का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति, घर के आसपास साफसफाई, स्वच्छ पानी, सार्वजनिक स्थान के आसपास साफसफाई, मच्छरदानी का उपयोग, मौसमी बीमारियों, पर्यावरण संरक्षण के बारे में नारा लगाने के साथ रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान अध्यापक, संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे,लक्ष्मण पांडे,कीर्तन,दुर्योधन,रितेश सखा,मिलन,हेमकांति, डालेश्वरी के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण कार्य के लिए आवेदन आंमत्रित

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84-नारायणपुर (अजजा) अंतर्गत नारायणपुर जिले में आने वाले 127 मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण कार्य हेतु वर्किंग कॉपी मुद्रण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग एंव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश एंव मापदण्ड के अनुसार करने हेतु इच्छुक एंव योग्य निविदाकारों से आवेदन आमंत्रित की गयी हैं। निविदा का प्रारूप एंव निविदा की विस्तृत शर्तें कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के (निर्वाचन शाखा) से प्राप्त किया जावेगा। निविदा प्रपत्र का विक्रय 06 जुलाई से 20 जुलाई तक अपरान्ह 1 बजे तक किया जावेगा।

विधायक ने बच्चों के साथ सादगी से मनाया जन्मदिन

- **बच्चों को बैग कापी-पुस्तक किया भेंट**

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर विधान सभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी के जन्मदिन के अवसर पर चारामा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जैसाकर्रा स्थित विनोबा भावे आश्रम के बच्चों के साथ मनाया। विधायक ने बच्चों के साथ केक काटा और बच्चो को स्कूल बैग गिफ्ट किया।नगर में

स्थित गौठान में जाकर पौधा रोपण किया। जिसके बाद हॉस्पिटल पहुंच कर मरीजों का हाल चाल जाना वही सभी भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। ईश अवसर पर नरेंद्र यादव, बसंत यादव, उषा वट्टी अंबिका सिन्हा सत्तार खान, सत्यजीत यादव अमन मंडावी,विजय तिवारी, विनोद साहू, हिरवेंद्र साहू, महेन्द्र नायक, मोहित नायक, सुभाष सोनकर, रमा शंकर यादव, कृष्णा नायक, रवि नायक, के एल मरकाम, देवा नंद कुरेटी, पंकज वाधवानी सहित अनेको कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थिन थे।

कांग्रेस में आपसी विवाद सड़क

- **कांग्रेस जिलाध्यक्ष को हटाने की मुहिम चला रही तुलिका : चैतराम**
- **विकास कार्यो का भूमिपूजन हुआ पर पड़े है अधूरे**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा कांग्रेस के अध्यक्ष अवधेश गौतम को हटाने मुहिम चला रही है इस पर तंज कसते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा कि हमने पहले भी कहा है की कांग्रेस पार्टी में आपसी विवाद है जो अब सड़क पर आ गया है और अब कांग्रेसी नेताओं का झगड़ा दंतेवाड़ा के विकास पर बाधा बन रहा है, दंतेवाड़ा की जनता त्रस्त हो चुकी है । अटामी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना घर बचाने में लगी है इधर जनप्रतिनिधि दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते, विकास कार्य ठप्प पड़े है,सड़कों की स्थिति बदहाल है रोजगार के लिये ग्रामीण पलायन कर रहे है और शिक्षा

एवं स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है । अटामी ने कहा कि जो विकास कार्यो का भूमिपूजन हुआ है वो भी अधूरे पड़े है कांग्रेसी नेताओ को जनता की चिंता नहीं अपने वर्चस्व की चिंता है और इसका परिणाम दंतेवाड़ा की जनता को भुगतना पड़ रहा है एवं ऐसा लगता है की कांग्रेस आलाकमान परिवारवाद के दलदल के आगे नतमस्तक है और उसने दंतेवाड़ा की जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

राजस्व संघ ने संसदीय सचिव को ज्ञापन सौंपा

- **दोनों विधायकों ने कहा मांगे जायज**
- **सीएम से चर्चा करने के बाद जल्द पूर्ण होगी मांग**

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद भारती एवं प्रतिनिधिमंडल कांकेर जिले के प्रवास में रहे। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के राजस्व निरीक्षकों के साथ संगठन से जुड़े समस्त मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विधानसभा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं विधायक केशकाल संतराम नेताम से सौजन्य भेंटकर संघ के विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई. संतराम नेताम के आत्मीय मिलन से प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद भारती एवं उपाध्यक्ष ओमकार मंडावी ने प्रसन्नता जाहिर किया गया है वे अपनी व्यस्तता के बावजूद राजस्व निरीक्षक संघ को मिलने समय दिये। केशकाल विधायक संत नेताम

ने संघ की मांगों को जायज ठहराते हुए सार्थक पहल करने एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराने आश्वासन दिया इसके उपरांत संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी से सौजन्य भेंट किया गया। विधायक पूर्व में आईएएस अधिकारी रह चुके हैं।इसलिए वे संघ के मांगों को विस्तार से सुने व अपनी सहमति जताते हुए सार्थक प्रयास करने की बात कही।

छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद भारती एवं उपाध्यक्ष ओमकार मंडावी ने बताया की संघ के प्रमुख मांगे इस प्रकार है नायब तहसीलदार संवर्ग एवं सहायक अधीक्षक भू अभिलेख संवर्ग को एक करना राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद पर विभागीय पदोन्नति वर्तमान में 20% है जिसे बढ़ाकर 50% करना नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नति हेतु मापदंड अवधि 7 वर्ष को कम करके 5 वर्ष करना राजस्व निरीक्षक का वर्तमान ग्रेड पे 2800 से बढ़ाकर 4200 करना राजस्व निरीक्षकों को 5 वर्ष में नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत करना या पद रिक्त ना होने की स्थिति में समय मान वेतनमान देना राजस्व निरीक्षकों के समय मान वेतनमान संबंधी वेतन विसंगति दूर करना साथ ही आगामी एक सप्ताह में संगठन द्वारा राज्य के समस्त सम्माननीय विधायक महोदयों से सौजन्य मुलाकात कर संघीय मांगो के संबंध मे अवगत कराने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ जिला शाखा कांकेर के अध्यक्ष मंजीत ठाकुर संरक्षक ईश्वर लाल नेताम प्रांतीय सूचना एवं प्रसारण सचिव पालेश्वर राव तुरकर संतोष जैन निश्चय भट्ट मौजूद रहे।

दंतेश्वरी माई की सुपुत्री के विवाह के साक्षी बने जैन

जगदलपुर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन हजारों ग्रामीणों संग बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की सुपुत्री के विवाह समारोह के साक्षी बने। दरभा विकासखंड के मावलीपदर में आयोजित समारोह में विधायक जैन कई घंटे मौजूद रहे और ग्रामीणों के द्वारा संपादित विभिन्न रस्मों के साक्षी बने। उन्हें बताया गया कि यह विवाह तीन से अधिक दशक बाद आयोजित किया गया है और इस दौरान एक सप्ताह तक गांव में खेती-किसानी का कार्य वर्जित होता है। विधायक जैन ने आदिवासी संस्कृति की खूब तारीफकी और उन्हें आमंत्रित

करने के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों व ग्रामीणों का आभार माना। रस्मों के साक्षी बनने के बाद जैन ने गांव की देवगुड़ी में जाकर पूजा-पाठ किया। इस दौरान संतराम, बेलकू पुजारी, रतन, नेतानार सरपंच सुकरा नाग, गंगाधर, टोपर सरपंच समदु, गंगाराम कश्यप, कोलावाड़ा के गुरु खुता बघेल, धनसाय, शहर कांग्रेस महामंत्री गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, संतोष सिंह व ग्रामीण जन आदि मौजूद थे।

कोषालय अधिकारी के खिलाफ कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा

- **कार्रवाई करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**
- **15 दिवस में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

दंतेवाड़ा/सुकमा/नवप्रदेश। प्रशासन में एक बड़ा ही दिलचस्प मामला देखने को मिला है जब कोषालय अधिकारी के खिलाफ ही उनके मातहत कर्मचारियों ने मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कोषालय अधिकारी पर नियमानुसार कारवाई करते हुए उन्हें यहां से अन्यत्र हटाने की मांग की है। दरअसल मामला सुकमा जिले का है। यहां बीते दिनों जिला

कोषालय सुकमा में कार्यरत अधिकारी प्रवीण चन्द्र भगत के खिलाफ सुकमा एवं उपकोषालय कोंटा में पदस्थ कोषालय के समस्त कर्मचारियों ने कोषालय अधिकारी प्रवीण चन्द्र भगत पर कई गंभीर आरोप लगाते कलेक्टर को 6 जुलाई 23 को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में शासकीय कोषालय कर्मचारी संघ ने लिखा है कि बेवजह कोषालय अधिकारी भगत द्वारा कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। कर्मचारियों का जून 2023 का वेतन अकारा ही रोका गया है। वेतन बिल में हस्ताक्षर न कर उसे स्थापना शाखा को वेतन रोकने का अपना अभिमत अंकित कर देयक को मूलतः वापस किया गया है। उक्त अकिारी द्वारा 21 जून 23 से 3 जून 23 तक कुल 13 दिनों तक बिल व बीटीआर को दबाकर केवल इसलिए रखा गया था क्योंकि उनका अपना स्वयं का वेतन वृद्धि एरियर्स राशि का देयक तैयार नहीं हुआ था। कोषालय अधिकारी श्री भगत के इसी तानाशाही कार्यशैली से जिले भर के अधिकारी व कर्मचारी खासे परेशान रहते हैं। कोषालय कर्मचारियों द्वारा पूर्व में भी इनकी शिकायत वित्त सचिव एवं संचालक कोष लेखा एवं पेशन को किया जा चुका है बावजूद कोषालय अधिकारी श्री भगत पर आज तक किसी प्रकार का शासन स्तर से नहीं किया गया है जिसके चलते इनकी अकर्मण्ता और भी ज्यादा हावी होती जा रही है। लापरवाह एवं तानाशाहीपूर्ण रवैया अतियार करने वाले अधिकारी पर कोई कारवाई नहीं होना दुभार्ग्यजनक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ इसकी कड़ी निन्दा करता है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने यह भी कहा है कि समय पर वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिये गये व्यक्तिगत ऋणों का मासिक किश्त निर्धारित तिथि पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऋण भुगतान समय पर नहीं होने से बैंकों द्वारा 9 फीसदी से लेकर 12 फीसदी तक जुर्माना सहित अतिरिक्त ब्याज भरना पड़ सकता है जिससे कर्मचारियों को आर्थिक क्षति भी होगी।

बालको मेडिकल सेंटर का कैंसर जांच शिविर

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में में पहली बार बालको मेडिकल सेंटर के तत्वाधान में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन ज़िला अस्पताल,कोंडागाँव में 9 जुलाई 2023 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़,सुषमा विंग्स ऑफ़ कैंसर सपोर्ट सोसाइटी जगदलपुर, बस्तर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ कोंडागाँव, जैन समाज कोंडागाँव, माहेश्वरी समाज कोंडागाँव, भारतीय जैन संघटना कोंडागाँव एवं रेड क्रॉस सोसाइटी कोंडागाँव के संयोजन में किया गया।

निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर के दौरान कैंसर विशेषज्ञ कहा की जानकारी के अभाव एवं कैंसर के नाम से भय के कारण लोग इलाज़ के लिए सामने नहीं आते हैं। कैंसर अब असाध्य रोग नहीं है बस ज़रूरत जागरूकता की है क्योंकि शुरुआत में लक्षण दिखते ही इसका इलाज संभव है यही इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य रहा।शिविर में बालको मेडिकल सेंटर की ओर से एक मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन भी लायी गई जो मैमोग्राफी मशीन, थर्मल स्कैनिंग मशीन,मुख कैंसर परीक्षण, गर्भाशय मुख कैंसर परीक्षण, स्त्री रोग संबंधी परीक्षण की सुविधाओं से सुसज्जित थी। शिविर में मरीजो का रजिस्ट्रेशन किये गए है रजिस्ट्रेशन का कार्य सुषमा विंग्स ऑफ़ कैंसर सपोर्ट सोसाइटी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा था।

जेनेलिया की ट्रायल पीरियड का ट्रेलर

जेनेलिया डिसूजा देशमुख और मानव कौल की अपकमिंग वेब सीरीज ट्रायल पीरियड का दिलचस्प ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। ये वेब सीरीज 21 जुलाई से स्ट्रीम होगी। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा और मानव कौल की अपकमिंग वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर देखकर ही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वेब सीरीज की कहानी काफी दिलचस्प होगी।ट्रेलर की शुरुआत एक कंपनी के ट्रायल पीरियड ऑफर से होती है। जिसे देखकर जेनेलिया का बेटा ऑफर में कंपनी से पिता मंगाने की बात करता है और कहता है कि पसंद ना आने पर 30 दिन में वापस भेज देगा। बेटे की बात सुनकर पहले तो जेनेलिया हैरान रह जाती है, लेकिन बाद में बेटे के ज़िद के आगे मजबूर होकर उसके लिए 'किराए पर पापा' ढूंढने निकल जाती है। काफी तलाश के बाद वो मानव कौल को अपने बेटे के 'किराए के पिता' के रूप में चुनती हैं।

इस वेब सीरीज का ट्रेलर काफी एक्साइटमेंट पैदा करने वाला है। वेब सीरीज अलेया सेन के निर्देशन में बनी है, जिसे ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है। वेब सीरीज के निर्माता की लिस्ट में हेमंत भंडारी, अमित रविंद्रनाथ शर्मा और अलेया सेन का नाम भी शामिल है।जेनेलिया डिसूजा और मानव कौल की वेब सीरीज ट्रायल पीरियड का ट्रेलर दर्शकों बेहद पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर कमेंट की बौछार आई है। जहां एक यूजर ने कमेंट में लिखा है कि 'यह काफी दिलचस्प लग रही' है वहीं एक अन्य ने ट्रेलर की तारीफ करते हुए लिखा है कि 'यह बहुत प्यारा' है। इस वेब सीरीज को आप 21 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर देख सकेंगे।

रश्मि देसाई ने दिखाया हुस्न का जलवा

एक्ट्रेस रश्मि देसाई आज किसी पहचान को मोहताज नहीं हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट फ्लोरल आउटफिट में तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। फ्लोरल आउटफिट में एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपनी वन ऑफ शोल्डर और टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और सोख अदाओं के साथ एक्ट्रेस रश्मि देसाई गजब की बला लग रही हैं। मदमस्त अंदाज और कातिलाना फिगर देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। रश्मि देसाई के चाहनेवालों को उनका अंदाज पसंद आता है। एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक रश्मि हर आउटफिट में गजब ढाहती हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई इस बोल्ड आउटफिट में बेहद ही कातिलाना नजर आ रही हैं। रश्मि देसाई टेलीविजन पर अपने अभिनय और किरदार के दम पर घर घर पहचान बनाने में कामयाब रहीं। रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 6 मिलियन फॉलोवर्स हैं। रश्मि देसाई ने अपने करियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्मों से की। इसके साथ ही एक्ट्रेस साल 2009 में हिंदी टीवी सीरियल उतरन में मुख्य भूमिका में नजर आ चुकी हैं।

प्रभास व विवेक आमने-सामने होंगी द वैक्सीन वॉर और सालार

प्रभास इन दिनों फिल्म सालार को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, जिस तरह से उनकी इस फिल्म को लेकर हो-हल्ला मचा हुआ है, ऐसा ही शोरगुल आदिपुरुष को लेकर भी था, जो बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। बहरहाल, नई खबर है कि प्रभास और विवेक अग्निहोत्री दोबारा बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगे। जहां प्रभास की सालार 28 सितंबर को आ रही है, वहीं अग्निहोत्री भी अपनी फिल्म द वैक्सीन वॉर के लिए इसी तारीख पर नजरें गड़ाए बैठे हैं।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी है कि द वैक्सीन वॉर और सालार के बीच बॉक्स ऑफिस पर टकराव हो सकता है। दरअसल, अग्निहोत्री पिछले काफी समय से अपनी फिल्म के लिए रिलीज तारीख तय करने को लेकर असमंजस में थे, लेकिन अब उनकी यह उलझन खत्म हो गई है। उन्होंने अपनी फिल्म की रिलीज के लिए 28 सितंबर का दिन चुना है, जिस दिन प्रभास सालार लेकर सिनेमाघरों में आ रहे हैं।

बता दें कि इससे पहले भी अग्निहोत्री और प्रभास के बीच बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला देखने को मिल चुका है। पिछले साल 11 मार्च को जहां अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स सिनेमाघरों में आई थी, वहीं प्रभास राधे श्याम लेकर आए थे। तब किसी ने नहीं सोचा था कि द कश्मीर फाइल्स, राधे श्याम का पत्ता साफ कर देगी। हैरानी तब हुई, जब राधे श्याम ने बड़ी ओपनिंग के बावजूद द कश्मीर फाइल्स के आगे घुटने टेक दिए।

देश के अनकहे गंभीर मुद्दों को बड़े पर्दे पर बेहतरीन ढंग से पेश करने वाले अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर एक और सच्ची कहानी से प्रेरित है। इस फिल्म में असल कोविड योद्धा नजर आ सकते हैं, जिन्होंने खुद को जोखिम में डालकर कोरोना से मृत लोगों के अंतिम संस्कार में मदद की थी। फिल्म की कहानी देश के लिए महामारी की वैक्सीन तैयार करने वाले लोगों पर आधारित होगी। यह फिल्म पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी।

सालार का हाल ही में टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें प्रभास अपने दमदार एक्शन से गर्दा उड़ाते दिख रहे थे। जिस तरह से वह दुश्मनों को धूल चटा रहे थे, वो देखने लायक था। इस फिल्म का निर्देशन केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील ने किया है। यह फिल्म एक साथ कई भाषाओं में रिलीज होगी। प्रभास के लुक को भी लोगों ने सराहा है।

जुग-जुग जियो का दूसरा पार्ट ला रहे हैं करण

वर्ष 2022 में धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म जुग जुग जियो एक बड़ी हिट साबित हो चुकी है। मूवी स्टार वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारों से सजी निर्माता-निर्देशक करण जौहर के बैनर तले बनी इस मूवी को दर्शकों ने खूब पसंद भी किया जा चुका है।

निर्देशक राज मेहता के निर्देशन में बनी इस मूवी ने कोवीड के समय के बीच रिलीज हुई फिल्मों के बीच हिट का स्टेटस अपने नाम कर लिया है। अब इस मूवी को लेकर हाल ही में फिल्म के निर्माता करण जौहर ने एक बड़ा अपडेट फैंस को भी दे दिया है। फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर कर अपनी इस मूवी के दूसरे पार्ट के बारे में सूचना दी है। जल्दी रिलीज होगा जुग जुग जियो 2 का सीच लः खबरों का कहना है कि वरुण धवन और कियारा आडवाणी स्टारर इस फिल्म की रिलीज को आज एक वर्ष पूरा हुआ है। इस मूवी की एनिवर्सिरी के मौके पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने इस मूवी के एक सीन को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पुरानी यादें ताजा कीं। साथ ही करण जौहर ने इसे शेयर करते हुए लिखा, एक फिल्म... जिसके बारे में मुझे पता है कि सीच ल की प्रतीक्षा कर रहे है।

अवनीत कौर ने फैंस पर गिराईं बिजलियां

टीवी की दुनिया से लेकर बॉलीवुड तक 21 वर्षीय अवनीत कौर ने अपने हॉट एंड ब्यूटीफुल लुक से सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। टीकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अवनीत कौर ने हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनका लुक देखने के बाद फैंस के भी होश उड़ गए है। अवनीत ने बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में खुली जुल्फों के फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराते हुए रातों की नींदे तक उड़ा दी है।

टीकू वेड्स शेरु फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस का दिल जीत लिया हैं। 21 वर्षीय अवनीत कौर एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश लुक्स और हॉट एंड बोल्ड लुक को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट से सोशल मीडिया पर एक बार फिर खलबली मचा दी है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत लुक और अदाओं के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस भी उनकी तरीफ करते नहीं थक रहे हैं और तारीफों की झड़ी लगा दी है। अवनीत कौर ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें वह ग्रे एंड ब्लू चेक्ड प्रिंट वाले बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर में बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। ग्रे एंड ब्लू चेक्ड प्रिंट वाले बैकलेस क्रॉप टॉप और ट्राउजर अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आई। अवनीत कौर के एक से बढ़कर एक हॉट एंव किलर पोज ने फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा दी हैं। अवनीत के चेहरे पर लहराती लटें, दिलकश अदाएं और ब्यूटीफुल अंदाज वाली ये तस्वीरें कुछ देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

टैक्स चोरी, फर्जी बिल से टैक्स क्रेडिट दिखाने पर PMLA के तहत होगी कार्रवाई

केंद्र सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (GSTN) को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के दायरे में शामिल कर लिया है। इसके लिए वित्त मंत्रालय ने शनिवार देर रात एक नोटिफिकेशन जारी किया है।

सरकार के इस फैसले से अब PMLA एक्ट के तहत तस्ज्ञह संग्रहीत (stored) जानकारी मांगी जा सकेगी। इससे टैक्स चोरी और डॉक्युमेंट्स में हेराफेरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। इसके अलावा तस्ज्ञ के तहत होने वाले अपराध जैसे फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट, फर्जी चालान आदि को PMLA एक्ट में शामिल किया जाएगा। जानकारों का मानना है कि फर्जी बिलिंग के माध्यस से कर चोरी रोकने के लिए सरकार ने यह फैसला किया है। इससे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय को और अधिक शक्तियां मिलेंगी। GSTN की जानकारियां अब PMLA की धारा 66 (1) (iii) के तहत शेयर की जाएंगी। इसके अलावा तस्ज्ञह छोटे व्यापारियों को अपने अकाउंट रखने के लिए मानक सॉफ्टवेयर भी अवेलेबल कराएगा, ताकि इसे सीधे तस्ज्ञह वेबसाइट पर उनके मंथली रिटर्न को अपलोड किया जा सके। GSTN एक मजबूत IT नेटवर्क है, जिसे सरकार ने GST की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थापित किया है। यह एक नॉन प्रोफिटेबल संस्था है। तस्ज्ञ के एग्जीक्यूशन के लिए GSTN केंद्र और राज्य सरकारों, टैक्सपेयर्स और अन्य स्टेकहोल्डर्स को एक साझा IT इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्विस प्रोवाइड करता है। 1. रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रोवाइड कराना।2. सेंट्रल और स्टेट अथॉरिटीज को रिटर्न फॉरवर्ड करना।3. IGST की केल्क्यूलेशन और सेटलमेंट करना।4. टैक्स पेमेंट डिटेल्स का बैंकिंग नेटवर्क से मिलान करना।5. टैक्सपेयर्स के रिटर्न की जानकारी के आधार पर सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट्स को विभिन्न MIS रिपोर्ट प्रदान करना। 6. टैक्सपेयर्स की प्रोफाइल का एनालिसिस प्रोवाइड करना।

जर्मनी, स्पेन के दौरे पर भारतीय महिला टीम का ध्यान युवाओं पर

मुंबई। टीम में कुछ जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारतीय महिला हॉकी टीम मैचों की एक श्रृंखला के लिए जर्मनी और स्पेन के लिए रवाना होगी, जो सितंबर में आगामी एशियाई खेलों के लिए उसकी तैयारियों का आकलन करने में मदद करेगी।

अगले कुछ महीने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह चीन में एशियाई खेलों से पहले 'बनने या तोड़ने' की अवधि पर है। एशियाई खेलों में जीत से टीम को अगले साल के ओलंपिक खेलों में सीधे प्रवेश मिल जाएगा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पेरिस में होने वाले मेगा इवेंट के लिए टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इसलिए, अगले कुछ महीनों में कठोर प्रशिक्षण, छिटपुट आराम की अवधि, टेस्ट मैचों का परीक्षण, संयोजनों को ठीक करना और अधिक कठोर प्रशिक्षण शामिल होगा ङ्क यह सब एक योजना के अनुसार तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खिलाड़ी उस समय शारीरिक और मानसिक रूप से सर्वश्रेष्ठ हों।

टीम 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए इस यात्रा में पहला कदम यूरोप के तीन सप्ताह के दौरे के साथ उठाएगी, जिसके दौरान वह जर्मनी में चीन और मेजबान देश के खिलाफ द्विपक्षीय मैच और स्पेन में चार देशों का अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी, जिसमें मेजबान के अलावा ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका अन्य टीमें होंगी। टीम स्पेन और जर्मनी दौरे की तैयारी के लिए बेंगलुरु में एक कठिन शिविर से गुजरी है और कोच जेनेक शोपमैन और कप्तान सविता पुनिया दोनों को लगता है कि खिलाड़ी आने वाले चुनौतीपूर्ण समय के लिए तैयार हैं।

जर्मनी और स्पेन के आगामी दौरे के लिए, शोपमैन ने हांगझाऊ एशियाई खेलों से पहले कुछ नए संयोजन तैयार करने के लिए कुछ जूनियर खिलाड़ियों को चुना है। 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने वाले दौरे के जर्मन चरण में भारत पहले मैच में चीन से भिड़ेगा और फिर दो मैचों में मेजबान टीम से भिड़ेगा। स्पेन में, भारत स्पेनिश हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर टेरासा में 25 से 30 जुलाई तक चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगा। इस दौरे पर फोकस युवा मिडफील्डर ज्योति छत्री पर होगा, जो जूनियर विश्व कप टीम का हिस्सा थीं और प्लेइंग इलेवन में स्थायी जगह पक्की करने की उम्मीद कर रही हैं। शोपमैन ने कहा कि ज्योति छत्री इस दौरे पर सीनियर राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करेंगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जो खिलाड़ी स्पेन और जर्मनी दौरे का हिस्सा हैं वे एशियाई खेलों में शामिल होंगे।

लड़कियाँ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हमने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा दौरा किया है और फिर, निश्चित रूप से, मैं जूनियर एशिया कप के लिए जापान में जूनियर टीम के साथ था और वहाँ कुछ खिलाड़ियों को पास से ही खेलते हुए देख पाया था। मुझे लगता है कि हमारा कोर ग्रुप और मजबूत होता जा रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है क्योंकि इसका मतलब है कि प्रशिक्षण का स्तर ऊंचा है और इसका मतलब है कि हर किसी को प्रदर्शन करना होगा और मैं कुछ एथलीटों से यह भी जानता हूं कि वे टीम में क्या लाएंगे।

10 वर्ष की उम्र में ऋषिका ने जीते 19 पदक

नई दिल्ली। प्रतिभाएं उम्र की मोहताज नहीं होती.. खासकर खेल के मामले में तो यह पंक्ति अक्सर सही साबित होती है। भारत युवाओं का देश है और यहां यूथ टैलेंट की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो बस उसे सही दिशा देने की।

उम्र से परे हुनर के उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक उदाहरण उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में भी प्रत्यक्ष उदीयमान है। हम यहां बात कर रहे हैं ऋषिका रयान की जिसके पास दस साल की छोटी उम्र में ही कराटे के खेल में प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर तक के कुल 19 पदक हैं। तीन वर्ष की उम्र से कराटे के खेल में खुद को पारंगत करने की जिजीविषा के साथ मानसिक और शारीरिक तौर पर खुद को तैयार करने वाली ऋषिका का कहना है कि वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए लिए एक जबरदस्त सम्मान है।

ऋषिका ने कहा, कुमिते और काता दोनों में स्वर्ण पदक जीतना एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां अलका के. और पिता डॉ अभिषेक के. के अटूट समर्थन, मेरे कोच अरविंद यादव के मार्गदर्शन और अपने साथी देशवासियों को देती हूं। यह जीत भारत के भीतर मौजूद प्रतिभा और क्षमता का प्रमाण है।

ऋषिका ने आगे कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आभारी हूं कि उन्होंने वाराणसी को एक जीवंत और सुरक्षित शहर में बदलने के प्रयासों के बीच प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

ऋषिका की असाधारण उपलब्धि, उनकी जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है, बल्कि पूरे देश में महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा की किरण के रूप में भी कार्य करती है। उनका असाधारण प्रदर्शन प्रतिभा को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर कराटे के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 2023 कराटे चैम्पियनशिप में ऋषिका की ऐतिहासिक जीत ने खेल इतिहास के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया है। कुमिते और काता दोनों में उनकी असाधारण उपलब्धियां उनके अटूट समर्पण, कोच अरविंद यादव के मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण के वर्षों और उत्कृष्टता की अथक खोज को दर्शाती है और उनके भविष्य के प्रयासों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है क्योंकि वह कराटे के खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। 17 नवम्बर 2013 को जन्मी ऋषिका ने महज़ 3 वर्ष की उम्र से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू कर दिया था। ऋषिका के पिता बैंगलोर में जब कार्यरत थे तब भी उन्होंने ऋषिका को सिर्फ कराटे के प्रशिक्षण के वाराणसी में रहने दिया। ऋषिका के कोच अरविंद यादव ने कहा, ऋषिका ने अभी तक जो कुछ भी हासिल किया है, उसमें उनके माता-पिता का बड़ा योगदान है। बिना अभिभावक के सहयोग से बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते। कोच अपना काम करेगा और समाज अपना, पर एक बच्चे के लिए जब तक अभिभावक साथ नहीं खड़े होंगे उसके जीत - हार में और उसे अनुशासन के लिए, बच्चा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर पायेगा।

टेबल टेनिस में विश्व नंबर 1 बना 23 वर्षीय खिलाड़ी वांग-चू-किन

अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने अपनी नवीनतम विश्व रैंकिंग जारी की, जिसमें चीन के टेबल टेनिस के उभरते सितारे वांग चुकिन पुरुष एकल वर्ग में नए विश्व नंबर 1 बन गए।वांग के हमवतन फैन ज़ेंडॉन्ग लगातार 142 सप्ताह तक शीर्ष पर रहे थे। सिंगापुर स्मैश 2022 से आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग अंक समाप्त होने के साथ, 23 वर्षीय वांग ने फैन से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।आईटीटीएफ वेबसाइट पर एक लेख में लिखा गया है, यह उपलब्धि वांग की उल्लेखनीय यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और महानता की अटूट खोज को उजागर करती है। इस जोड़ी ने पुरुषों की विश्व रैंकिंग में

अनुभवी मा लोंग के साथ एक अग्रणी चीनी तिकड़ी बनाई। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) के नव-विजेता कंटेंडर ज़ाग्रेब लिन गाओयुआन छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि साथी चीनी पैडलर लियांग जिंगकुन सातवें स्थान पर हैं।

अन्य पुरुष विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जापान के टोमोकाज़ू हरिमोटो, ब्राजीलियाई स्टार ह्यूगो काल्डेरानो, दक्षिण कोरिया के जांग वू-जिन, स्लोवेनिया के डार्को जोर्जिक और चीनी ताइपे के लिन युन-जू शामिल हैं।

DISHA PUBLIC
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
ADMISSION
OPEN
QUALITY CLASSES FOR KIDS OUR FEATURE
CG Board IX to XII
Teaching By Well Experienced
Trained Teachers Staff
E-Class Room Facilities
Teach Next Science Lab
Transport Facilities
25% Seat Reserve In Nursery As Rte
Higher Secondary Classes (Bio Maths Comm. Group)
E-Class Lab
Next Education
Hydrabad
principal - Disha Public English Medium Higher Secondary School, Khuntu, Kawardha
Contact Us. : 7869368107, 9131442433, 6232299554, 7987829466

SANSKAR PUBLIC SCHOOL, KAWARDHA
अपनी सफलता की ओर अग्रसर नगर के मध्य स्थित, शासन से मान्यता प्राप्त एकमात्र अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
• Special Spoken English Class's
• Computer Class
• Yoga and Activities
• Personality Development Class's
• 100% Academic Result
• Colourful Class Room
• Educational Tour
• Educational Camp & Gala
• Scholarship to Topper Student
• Competitive and GK Class's
• Transport Facility
• Well Experience and Quality Teacher
• Indoor and Outdoor Game
• Computer and Science Lab
• Day Care and Lear With Play System Studies
• Kid Bank and Kid Playground
• Smart Class Room and Project
• Library and Digital Book Bank
• Digital Camera Zone and Studies
• English Medium School
• Nursery to Class Eighth
• Co-Education School
• Understand by MSS Society Kawardha
• An ISO 9001-2015 (Ind.) Certified (UK) School
• Approval by CG Govt Board, NCERT, SCERT and CEC Pattern
ADMISSION OPEN FOR ENGLISH MEDIUM
संस्कार पब्लिक स्कूल
132 के.व्ही. के बाजू, समनापुर रोड, कवर्धा, जिला-कबीरधाम, मो. 07898091310

THE HOLY KINGDOM ENGLISH HIGHER SECONDARY SCHOOL
ADMISSION NOW OPEN
FROM KINDERGARTEN TO GRADE I TO IX & XI
STREAMS OFFERED
ABOUT US
JOIN US TODAY

Gurukul Public School, Kawardha
(An English medium Co-educatinal Residential-Cum-Day Boarding School)
CBSE Affiliation No. 3330052
For Classes Nursery to IX & XI
Only Limited Seats Available
ADMISSION Open
For Classes Nursery to IX and XI (Sci.& Comm.)
Unique Features
Maths Lab
Gurukul App
Gurukul App
● Well Spacious Girls & Boys Hostel
● Studies through new education policy
● Bus facilities for all the areas (Surrounding Kawardha City :- Pipariya, Bodla, Pandariya, Gandai, Charbhata, Mohgaon
AGE CRITERIA
● As on 01st April 2023
● Nursery :- 3 to 4 Years
● K.G.I :- 4 to 5 Years
● K.G. II 5 to 6 Years
EXTRA CURRICULAR ACTIVITIES
Swimming
Karate
Skating
Music/Dance
Art & Craft
Spoken English
Prospectus is available in the school office time (8:00 to 2:00 PM)
GURUKUL PUBLIC SCHOOL
Gurukul Nagar, Post-Maharajpur, Kawardha (C.G.) 491995
E-mail : gpskawardha_2009@yahoo.co.in, Website : www.gurukulkawardha.com
Contact No. 6260347114, 6268234778, 6268239549